
रोहतक, सोमवार 8 सितंबर 2025 ■ अश्विन मास कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा ■ वर्ष : 29, अंक : 219 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि.35.1 न्यून.23.9 haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



1. पूरे देश में बिना किसी चश्मे या फिल्टर के देखा गया पूर्ण चंद्रग्रहण
2. शनि और गुरु का दुर्लभ संयोग भी पूर्णिमा पर देखने को मिला
3. यह ग्रहण पूर्व भाद्रपद नक्षत्र और कुंभ राशि में घटित हुआ
4. चंद्रग्रहण के 9 घंटे पहले ही शुरू हो गया था सूतक काल
5. सूतककाल के दौरान सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए

## इस साल का आखिरी चंद्रग्रहण
# 82 मिनट तक दिखा ब्लड मून

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में रविवार को साल का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण लगा। यह पूर्ण ग्रहण यानी ब्लड मून रहा। इसे पूरे देश में देख गया। साल 2022 के बाद भारत में दिखने वाला यह सबसे लंबा पूर्ण चंद्र ग्रहण है। पंचांग के अनुसार, यह पूर्ण चंद्र ग्रहण रात 09 बजकर 57 मिनट से शुरू हुआ और देर रात 01 बजकर 28 मिनट तक देखा गया। चंद्र ग्रहण का नजारा रात करीब 10 बजे से 3 घंटे 28 मिनट तक चला। इसमें 82 मिनट पूर्ण चंद्र ग्रहण रहा। इस दौरान पृथ्वी सूर्य और चांद के बीच आ गई। जिससे चांद पर उसकी छाया पड़ी और चांद लाल-नारंगी रंग का दिखाई दिया। इसे ही ब्लड मून कहा जाता है।

### दिखा दुर्लभ संयोग

यह 27 जुलाई, 2018 के बाद पहली बार है जब ग्रहण को देश के सभी हिस्सों से देखा गया। इसे सीधे आंखों से बिना किसी चश्मे या फिल्टर के देखा गया। हालांकि, दूरबीन या टेलिस्कोप से देखने पर इसे साफ देखा जा सका। चंद्र ग्रहण पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र और कुंभ राशि में घटित हुआ। इस दौरान शनि और गुरु का दुर्लभ संयोग भी देखने को मिला।

### आरती दोपहर में हुई

इस साल के अंतिम चंद्र ग्रहण का सूतक काल शुरू होने से पहले ही रविवार दोपहर को बदरीनाथ, केदारनाथ समेत उत्तराखंड के मंदिरों में पूजा-पाठ कर उनके कपाट बंद कर दिए। हरिद्वार में हर की पौड़ी पर होने वाली संध्याकालीन गंगा आरती भी दोपहर को कर ली गई। चंद्र ग्रहण रात 9:58 बजे शुरू हुआ व उससे नौ घंटे पहले यानी अपराह्न 12:58 बजे सूतक काल शुरू हो गया। इससे पहले ही प्रदेश भर के मंदिरों के कपाट बंद कर दिए।

**2022** के बाद भारत में दिखने वाला यह सबसे लंबा चंद्रग्रहण रहा

**2018** के बाद पहली बार नंगी आंखों से देश के सभी हिस्सों में देखा गया

**77%** दुनिया ने देखा नजारा



122 साल बाद पितृ पक्ष की शुरुआत के दिन लगा चंद्रग्रहण

09.57 बजे हुआ शुरू

11.0 से 12.23 बजे तक ब्लड मून दिखा

1.28 बजे हुआ खत्म

अगला पूर्ण चंद्रग्रहण देश में 31 दिसंबर 2028 को दिखाई देगा

## खबर संक्षेप

### झारखंड में मुठभेड़ में वांछित नक्सली ढेर

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक वांछित नक्सली मारा गया। नक्सली पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह मुठभेड़ आज सुबह गोईलकेरा पुलिस थानाक्षेत्र अंतर्गत रेला पराल क्षेत्र के पंचलताबुरू पहाड़ियों के जंगलों में शुरू हुई। भाषा

### बच्ची के साथ गलत हुआ है तो उसकी गवाही ही काफी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2017 में 10-वर्षीय एक बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति की 12 साल की जेल की सजा को बरकरार रखते हुए कहा कि पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है तथा केवल इसी आधार पर दोषसिद्धि भी हो सकती है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ने मामले में दोषी करार दिए गए टोनी की सजा बरकरार रखी। भाषा

### कारों के रेट 45,000 से 10 लाख तक घटेंगे

नई दिल्ली। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद मारुति सुजुकी की ऑल्टो से लेकर शीर्ष श्रेणी वाली मर्सिडीज-बेंज एस-क्लास तक, विभिन्न कारों की कीमतें 45,000 रुपये से 10 लाख रुपये तक घटने की संभावना है। उद्योग विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी, जिसके बाद छोटी कारों की कीमतों में कमी आएगी। भाषा

## गुरुग्राम में विदेशी महिला की हत्या कर नग्न शव फ्लाईओवर के नीचे फेंका

- पुलिस का दावा, युगांडा से आई थी महिला कॉल गर्ल थी, शरीर पर चोट के निशान, खून भी जम चुका था
- पुलिस आसपास के सीसीटीटी खंगाल रही, इस मामले को सेक्स रैकेट से जोड़ कर देखा जा रहा

**गरुग्राम। (हरिभूमि न्यूज)।** आईएमटी मानेसर में एक विदेशी महिला की हत्या कर उसका नग्न शव फ्लाईओवर से नीचे शव फेंकने का मामला सामने आया है। महिला के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस मौके पर पहुंची, एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम ने भी सबूत जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने शव देखा और पुलिस का जानकारी दी। पुलिस को शव से कुछ दूरी पर महिला के कपड़े भी मिले हैं। महिला की उम्र 35 साल के करीब है। महिला अफ्रीकी देश युगांडा की रहने वाली थी। महिला कॉल गर्ल थी उसे पैसे देकर गुरुग्राम लाया गया था। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि महिला की दूसरी जगह हत्या कर शव यहां फेंका गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, ताकि मामले का खुलासा हो सके।

### विदेश मंत्रालय से संपर्क

पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि महिला की पहचान के लिए उनकी स्थानीय और राष्ट्रीय रिकॉर्ड्स से मिलान करने का प्रयास जारी है। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय और संबंधित भारतीय मिशन से संपर्क स्थापित किया गया है ताकि पता लगाया जा सके कि महिला विदेशी नागरिक कौन थी।

### दो संदिग्ध हिरासत में

पुलिस के मुताबिक महिला अफ्रीकी देश युगांडा की रहने वाली थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसे पैसे देकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए ले जाया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। महिला के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटों के निशान हैं। पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

*बारिश की आफत : बहादुरगढ़ में 300 गाड़ियां डूबीं, कुरुक्षेत्र में डूबने से युवक की मौत*

# फरीदाबाद व पलवल में दो युवक डूबे, सिरसा में घग्गर का बांध दरका, हिसार में माइनर टूटी

जींद में बारिश से घर की छत गिरी, परिवार बाल बाल बचा, हिसार में भी छत गिरने से युवक की हालत गंभीर, रविवार को पानीपत, फतेहाबाद और हिसार में बारिश, आज कई जिलों के लिए अलर्ट

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में रविवार को बारिश से कुछ राहत मिली। नदियों में भी उफान कुछ शांत रहा, लेकिन सिरसा के पनिहारी गांव में घग्गर नदी का बांध फिर टूट गया, जिससे इसका पानी आसपास के खेतों में भर गया। बांध को जोड़ने का काम किया जा रहा है। वहीं, हिसार में राणा माइनर टूट गई। इसका पानी एयरपोर्ट की ओर बढ़ने लगा। इसे जेसीबी मशीन लगाकर रोक लिया गया। खतरा बरकरार है। फरीदाबाद और पलवल में दो युवक यमुना नदी में डूब गए। इनका अभी तक सुराग नहीं लगा है। गोताखोर और प्रशासन उनकी तलाश में जुटे हैं। दूसरी तरफ, बहादुरगढ़ में मारुति के स्टॉक यार्ड में खड़ी 300 नई गाड़ियां डूब गईं। हालांकि मानसून का असर अभी खत्म नहीं हुआ है। रविवार को पानीपत, फतेहाबाद और हिसार में बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने नूंह, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, भिवानी, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, हिसार, कैथल और अंबाला में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को रोहतक के महम और कलानौर में जलभराव वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। हुड्डा खुद ट्रैक्टर चलाकर प्रभावित इलाकों में पहुंचे।

### जलभराव पीड़ितों से मिले सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जलभराव से प्रभावित अंबाला, फतेहाबाद, जींद, हिसार और रोहतक के क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों और महिलाओं से मुलाकात की और मदद का आश्वासन दिया। सैनी ने किसानों से कहा कि पोर्टल पर नुकसान की जानकारी दें।



**मारकंडा का जलस्तर घटा :** कुरुक्षेत्र में मारकंडा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 0.20 मीटर नीचे आ गया है। यह नदी कुरुक्षेत्र में मुश्किलें बढ़ा रही थी। इससे कुछ राहत मिलेगी।

**फरीदाबाद में सेना पहुंची:** यमुना के पानी की वजह से बागपुर खादर में जलभराव है। रविवार को सेना के जवानों ने पानी में उतरकर जायजा लिया। इस क्षेत्र में चेतावनी जारी की गई है।

घग्गर का तटबंध बांधने में जुटे लोग



### प्रदेश में अभी तक 46% अधिक बारिश

**चंडीगढ़।** प्रदेश में इस बार अब तक सामान्य से 46% अधिक बारिश दर्ज की गई है। मानसून सीजन में अब तक 530.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। यह सामान्य 364.6 मिमी से 46% अधिक है। फतेहाबाद में सबसे अधिक 139% की वृद्धि के साथ 528.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राज्य का दैनिक औसत 31.4 मिमी रहा, जो सामान्य 11.1 मिमी से 183% अधिक है। मौसम विज्ञान विभाग चंडीगढ़ के अनुसार, राज्य में मानसून गतिविधि अत्यंत सक्रिय रही है। जिलेवार दैनिक वर्षा में कुरुक्षेत्र सबसे आगे है। आंकड़े 2 सितंबर सुबह 8:30 बजे से 3 सितंबर सुबह 8:30 बजे तक के हैं। प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश के कारण हालात बिगड़े हुए हैं। सैकड़ों में गांवों में बारिश का पानी भरा हुआ है।

| जिला | वर्षा (एमएम) | अधिक |
|---|---|---|
| कुरुक्षेत्र | 89.4 | 745% |
| पानीपत | 86.3 | 778% |
| अंबाला | 78.4 | 493% |
| पंचकुला | 63.9 | 267% |
| सोनीपत | 61.4 | 487% |
| हिसार | 46.9 | 609% |

**हिसार बारिश से बेहाल**

हिसार में बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई, जिससे 17 साल का लड़का प्रिंस घायल हो गया। यह हादसा बरवाला शहर के वार्ड नंबर 18 में हुआ। उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि उसकी हड्डियों में फ्रेक्चर हुआ है। बारिश के कारण हिसार में हालात खराब हैं।

**पलवल में डूबा कबड्डी खिलाड़ी**

दोस्तों के साथ नहाने गया कबड्डी खिलाड़ी यमुना में डूब गया। युवक की पहचान योगेश (25) के रूप में हुई है। वह दोस्तों के साथ यमुना नदी पर गया था। वहीं कुरुक्षेत्र में गड्ढे में टांगरी नदी का पानी भरा हुआ था। इसमें डूबने से गोलपुरा गांव के युवक सुखविंद्र सिंह की मौत हो गई।



### सादगी का अनोखा उदाहरण : सांसदों की कार्यशाला में पिछली लाइन में बैठे पीएम

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को संसद परिसर स्थित जीएमसी बालयोगी सभागार में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान पीएम ने सादगी का एक अनोखा उदाहरण पेश किया। दरअसलए पीएम मोदी राजग सांसदों की कार्यशाला में अंतिम लाइन में बैठे नजर आए, उनकी इस तस्वीर को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शेयर किया है। मौर्य ने एक्स पर शेयर कर लिखा-भाजपा में नेता और कार्यकर्ता सब बराबर! कार्यशाला में सबसे किनारे की सीट पर सादगी के साथ बैठे पीएम मोदी की यह विनम्रता और सहजता हर किसी को हैरान और प्रभावित कर रही है।

# एशिया कप : भारत चौथी बार चैंपियन




विश्व कप के लिए क्वालीफाई

कोरिया को 4-1 से हरा खिताब कब्जाया

**राजगीर (भाषा)।** दिलप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को फाइनल में 4-1 से हराकर चौथी बार एशिया कप खिताब जीत लिया। इसके साथ ही भारत ने अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। *(पैकेज खेल पेज पर)*

**सुखजीत-दिलप्रीत छाए**

भारत के लिए सुखजीत सिंह ने पहले ही मिनट में गोल दागा, जबकि दिलप्रीत ने 28वें और 45वें मिनट में गोल किए। अमित रोहिदास ने 50वें मिनट में चौथा गोल दागा।

**टूर्नामेंट में 5 मैच जीते**

भारत ने टूर्नामेंट में 5 जीत दर्ज की और एक ड्रॉ खेला। सुपर 4 चरण में मलेशिया को 4-1 और चीन को 7-0 से हराया, जबकि कोरिया से मैच 2-2 से ड्रॉ रहा था।

**एशिया कप में हम**

**2017** में मलेशिया को हरा एशिया कप जीता था

**2007** में भारत ने कोरिया को हराकर कप जीता

**2003** में भी पाक को हरा कप कब्जाया



यह हॉकी और खेलों के लिए गर्व का क्षण है। सफल आयोजन के लिए बिहार सरकार को भी बधाई। यह जीत बेहद खास है। खिलाड़ियों को बधाई। *- नरेंद्र मोदी, पीएम*

## जापान के पीएम शिगेरु इशिबा ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो (एपी)।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को पद छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेने के लिए उनकी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के मद्देनजर यह कदम उठाया है। पिछले साल अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले इशिबा ने अपनी ही पार्टी के भीतर अधिकतर दक्षिणपंथी विरोधियों की मांगों की एक महीने से अधिक समय तक अनदेखी की थी। इशिबा का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) नेतृत्व चुनाव कराने को लेकर निर्णय करने वाली है। यदि इसे मंजूरी मिल जाती है, तो यह उनके खिलाफ एक प्रकार का अविश्वास प्रस्ताव होगा।



पार्टी बचाने के लिए पद छोड़ा

बहुमत खोने के बाद हटाने की उठ रही थी मांग

(संबंधित पैकेज पेज 8 पर)

*रिपोर्ट में दावा, बढ़ सकती हैं दर्दनाक गांठें, कर सकती हैं परेशान*

# शौचालय में स्मार्टफोन पर 'स्क्रॉल' करने से बढ़ रहा बवासीर का खतरा

### भारत में हर तीसरा व्यक्ति बवासीर से हो रहा पीड़ित

**पेनरिथ (ऑस्ट्रेलिया) (भाषा)।** क्या आप भी टॉयलेट में अपना फोन लेकर जाते हैं? टॉयलेट में लंबे समय तक बैठे-बैठे रील्स देखते रहते हैं या 'स्क्रॉल' करते रहते हैं? अगर हां, तो सावधान हो जाइए ये छोटी सी आदत आपको कई गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकती है। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि शौचालय में स्मार्टफोन पर 'स्क्रॉल' करने की आदत से बवासीर का खतरा 46 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसलिए शौचालय में स्मार्टफोन पर 'स्क्रॉल' की आदत को बदलें वरना आपके गुदा में और उसके आस-पास ये दर्दनाक गांठें कैसे उभर सकती हैं?

### इन लोगों को खतरा

- उम्र 45 से ज्यादा
- गर्भवती
- वजन ज्यादा
- लगातार कब्ज या दस्त होना
- नियमित रूप से भारी वस्तुएं उठाना
- शौचालय में ज्यादा समय बिताते हैं



### क्या है बवासीर

हर स्वस्थ व्यक्ति में ऐसी गांठें होती हैं, जो बवासीर का रूप भी अख्तियार कर सकती हैं। गुदा और मलाशय के अंदर या उसके आसपास सूजी हुई और फूली हुई नसें होती हैं। ये गुदा के आसपास की रक्त वाहिकाओं के बढ़ने से होती है और इसके कारण गुदा से रक्तस्राव, खुजली, दर्द और बेचैनी की शिकायत हो सकती है। नसों में सूजन आ सकती है और इससे दर्द, रक्तस्राव या गुदा के अंदर एक गांठ जैसा महसूस होना (आंतरिक बवासीर) या बाहर की ओर उभरी हुई गांठ (बाहरी बवासीर) जैसे लक्षण हो सकते हैं। इसे ही बवासीर कहा जाता है।

### शौचालय और बवासीर में संबंध

ऐसा माना जाता है कि टॉयलेट सीट पर लंबे समय तक बैठने से 'पेल्विक फ्लोर' के अंदर दबाव बढ़ जाता है और गुदा में रक्त जमा हो जाता है। इससे बवासीर होने की आशंका बढ़ जाती है। 'पेल्विक फ्लोर' मांसपेशियों का एक जाल है, जो पुरुषों में पेट के निचले हिस्से में मूत्राशय और आंतों, जबकि महिलाओं में गर्भाशय और निजी अंगों को सहारा देता है।

### ऐसे करें बचाव

- सामान्य सलाह यह है कि अपने आहार में फाइबर की मात्रा बढ़ाएं।
- अधिक मात्रा में फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाएं।
- पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इससे मल त्याग करना आसान होता है। कब्ज नहीं होने से राहत मिलती है।
- शौचालय में बैठने का समय कम करने से भी मदद मिल सकती है।
- स्मार्टफोन को शौचालय के बाहर छोड़कर ध्यान भटकाने से बचना भी एक अच्छा विचार है।
- परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## हिसार से 12 को जयपुर के लिए फ्लाइट, बुकिंग शुरू

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** डीजीसीए ने महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट से जयपुर के लिए फ्लाइट को मंजूरी दे दी है। अब 12 सितंबर से हिसार-जयपुर के बीच हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। इसके लिए अलायंस एयर ने वेबसाइट पर टिकट बिक्री शुरू कर दी है। डीजीसीए की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार हिसार व जयपुर के बीच हवाई सेवा 12 सितंबर से शुरू होगी और हर शुक्रवार को यह सेवा रहेगी। शेड्यूल के अनुसार 12 सितंबर को सुबह 11:10 बजे जयपुर से उड़ान भरकर 12:10 बजे हवाई जहाज हिसार पहुंचेगा और यहां से शाम 5:35 बजे उड़ान भरकर 6:40 बजे जयपुर पहुंचेगा। इसके लिए टैक्स सहित 2300 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। इसमें सीट बुकिंग का चार्ज अलग से लगेगा। हिसार से दिल्ली, अयोध्या और चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट पहले की शुरू हो चुकी हैं।

डीजीसीए ने दी मंजूरी
हर शुक्रवार को उड़ेगी फ्लाइट
किराया 2300 रुपये होगा


## बारिश और जलभराव के कारण पनप रहे मच्छर, जलजनित रोगों का भी खतरा

# डेंगू के 458, मलेरिया के 120 व चिकनगुनिया के 4 मामले मिले

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सीएमओ को एडवाइजरी जारी की, अस्पतालों में दवाइयों का स्टॉक पूरा रखें

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

भारी बारिश और जलभराव से जूझ रहे लोगों को अब बाढ़ के बाद में होने वाले प्रभाव का डर सताने लगा है। जलभराव के बाद डेंगू और मलेरिया अन्य तरह की बीमारी फैलने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। डेंगू के मरीजों की संख्या लगभग पांच सौ तक पहुंच गई है। रेवाड़ी, गुरुग्राम, करनाल, पंचकूला सहित कई जिलों में इसका प्रभाव ज्यादा दिखाई दे रहा है। तमाम हालात को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मंत्री आरती राव ने राज्य स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को जरूरी कदम उठाने को कहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस बारे में जहां प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों को एडवाजरी जारी कर दी गई थी। वहीं, लोगों को जागरूक रहने के साथ ही अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता रहनी चाहिए। सीजन के दौरान रेवाड़ी जिले में सबसे ज्यादा डेंगू मरीजों की संख्या है। भिवानी जिले के लोग थोड़ी राहत में हैं, क्योंकि यहां अभी तक डेंगू का कोई भी केस पांच सितंबर देर शाम तक नहीं आया है। हरियाणा में पिछले कई दिनों से बारिश और लगातार पंजाब हिमाचल की ओर से आ रहे बरसाती पानी के कारण जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। इस कारण से मौसमी बीमारियों का सिलसिला बढ़ने के साथ ही डेंगू और मलेरिया के केस भी रोजाना बढ़ रहे हैं।



### डेंगू के केस

| | |
|---|---|
| अंबाला | 4 |
| पंचकूला | 20 |
| भिवानी | 3 |
| चरखी दादरी | 14 |
| फरीदाबाद | 12 |
| फतेहाबाद | 1 |
| गुरुग्राम | 49 |
| हिसार | 14 |
| झज्जर | 16 |
| जींद | 12 |
| कैथल | 10 |
| करनाल | 10 |
| कुरुक्षेत्र | 30 |
| महेंद्रगढ़ | 17 |
| नूंह | 5 |
| पलवल | 2 |
| पानीपत | 17 |
| रोहतक | 33 |

### स्वास्थ्य विभाग बोला- अभी तक पिछले साल केस कम केस

विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अब तक डेंगू के 458 मामले सामने आए हैं। मलेरिया के 120 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले साल प्रदेश में डेंगू से जहां नौ लोगों की मौत हो गई थी। इस बार कोई मौत रिपोर्ट नहीं की गई है। चिकनगुनिया के भी चार मामले सामने आ चुके हैं।

### गुरुग्राम और रेवाड़ी सबसे ज्यादा प्रभावित

राज्य में सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की बात करें, तो गुरुग्राम में 49 केस और रेवाड़ी में सबसे ज्यादा 129 केस, पंचकूला में 20 मामले, करनाल में 30 केस सोनीपत 35 केस सामने आए हैं। इसके अलावा रोहतक में 33 केस अभी तक सामने आए हैं। इसमें से निजी अस्पतालों में ज्यादा 242 मामले जबकि सरकारी अस्पताल में 216 मामले सामने आए हैं। इस तरह से कुल मिलाकर 458 केस अभी तक आंकड़ों के हिसाब से हैं। इन मामलों में बढ़ोतरी के कारण स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है और सभी जिलों को एडवाइजरी जारी की गई है। मरीजों के सैंपल अब प्रदेश की 27 परीक्षण प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे हैं और सैंपलिंग की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।

### बरसात के बाद पशुओं के लिए मच्छरदानी की बढ़ी डिमांड

बरसात के कारण हुए जलभराव से मक्खी-मच्छरों के पनपने से पशुपालकों को संक्रमण का भय सताने लगा है। इसी के चलते बाजार में पशुओं के लिए रेडिमेड मच्छरदानी की डिमांड भी बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों से लोग अपने पशुओं के बचाव के लिए मच्छरदानी खरीदने के लिए आ रहे हैं। शहर में भी दुकानों पर रंग-बिरंगी मच्छरदानियां विभिन्न साइजों में उपलब्ध है। लोगों का कहना है कि बरसात के बाद हुए जलभराव के कारण मक्खी-मच्छर अधिक हो गए हैं जिनकी वजह से पशुओं को खासी परेशानी आ रही है। बीमारी व घटते दूध स्तर की चिंता के कारण मच्छरदानियों की खरीददारी की जा रही है। दुकानदारों ने बताया कि उनके पास एक छोटे कमरे के आकार से लेकर बड़े-बड़े साइजों में भी मच्छरदानी मौजूद हैं। मच्छरदानी के विभिन्न साइज तैयार करने के लिए उन्होंने स्पेशल दुकान पर ही कारीगर की व्यवस्था की है जिसके चलते लोगों की पसंद व सहूलियत के अनुसार मच्छरदानी के साइज तैयार किए जा रहे हैं। मच्छरदानी के कपड़े की क्वालिटी में अंतर के चलते कई बार लोग अपनी पसंद की जाली खरीद कर साइज तैयार करवा रहे हैं। दुकानदारों की माने तो उनके पास दर्जनों पशुओं के लिए एक ही मच्छरदानी बनवाने के लिए लोग आ रहे है ऐसे में बड़े-बड़े साइजों में ग्राहकों के आर्डर पर मच्छरदानी तैयार की जा

---

**नायब सिंह बोले :** आपदा से दोनों राज्यों में भारी नुकसान, हरसंभव मदद करेंगे

# मुख्यमंत्री ने राहत सामग्री से भरे 15 ट्रक पंजाब और 10 ट्रक हिमाचल रवाना किए

हरिभूमि ▶▶ चंडीगढ़




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय (पंचकमल), पंचकूला से बाढ प्रभावित पंजाब व हिमाचल प्रदेश के लिए सहायता सामग्री के 25 ट्रकों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें 15 ट्रक पंजाब के लिए और 10 ट्रक हिमाचल प्रदेश के लिए शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने माता मनसा देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और महामायी का आशीर्वाद लिया। पंचकमल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इन ट्रकों के माध्यम से पंजाब व हिमाचल के बाढ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को रोजमर्रा की जरूरी चीजें पंहुचाई जा रही हैं ताकि आपदा के इस समय में उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य पंजाब के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी प्राकृतिक आपदा से काफी नुकसान हुआ है। कई जगह गांव के गांव प्रभावित हुए हैं और लोगों के साथ-साथ पशु धन भी इसकी चपेट में आया है। ऐसी स्थिति में लोगों की मदद करना हमारा दायित्व बनता है। लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हरियाणा सरकार के साथ-साथ कार्यकर्ता दिन रात काम कर रहे है।

### जान-माल के नुकसान पर 4-4 लाख रुपये दिए

हरियाणा के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निचले इलाकों में जल भराव हुआ है। हमने जलभराव से ग्रस्त क्षेत्रों में तुरंत राहत के लिए प्राथमिकताएं तय की हैं और राहत कार्य निरंतर चल रहा है। नागरिकों की कठिनाई को कम करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला हुआ है। इसका उद्देश्य आम जनता द्वारा अपने नुकसान व क्षति के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि अब तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 1 लाख 69 हजार 738 किसानों ने 9 लाख 96 हजार 701 एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण कवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात में कुछ घरों की छत गिरने से जानमाल की हानि हुई है। ऐसे परिवारों को राज्य सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा घायलों को भी आर्थिक सहायता दी गई है।

**चंबा जिले में सहायता सामग्री वितरित की जाएगी:** हिमाचल बीजेपी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आपदा ग्रस्त हिमाचल को राहत सामग्री भेजने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 10 ट्रकों के माध्यम से चंबा जिला के प्रत्येक प्रभावित परिवार को राहत सामग्री वितरित की जाएगी। इसमें रोजमर्रा में उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री जैसे चावल, आटा, चीनी, दालों के अलावा त्रिपाल, कंबल, बिस्तर इत्यादि शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### इंडिया स्किल्स में युवा दिखाएंगे प्रतिभा

**चंडीगढ़।** युवाओं की प्रतिभा और कौशल को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अंतर्गत यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी केवल SIDH पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। किसी अन्य माध्यम से किया गया पंजीकरण मान्य नहीं होगा।चयनित प्रतिभागियों को विश्व कौशल एशिया प्रतियोगिता (नवंबर 2025, ताइपेई) और विश्व कौशल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

### पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत

**नूंह।** पुन्हाना उपमंडल के सिरौली गांव मे जलभराव की समस्या लगातार ग्रामीणों के लिए खतरा बनी हुई है। रविवार को सिरौली गाँव में पानी के गहरे गड्ढे में डूबकर एक चार वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जबकि उसके बड़े भाई को समय रहते चचेरे भाई ने बचा लिया। चार वर्षीय बड़े भाई मोमिन सुबह घर से बाहर खेलने निकले थे। दोनों के काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। जब तलाश किया तो उनेश का शव तैरता मिला, वहीं उसे भाई को किसी तरह बचा लिया गया।

---

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान

# पंचायत मंत्री पंवार व जनस्वास्थ्य मंत्री गंगवा ने एक-एक माह का वेतन दिया

### पंवार ने कर्मचारियों से भी सहायता का आह्वान किया

**चंडीगढ़।** प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सरकार अपने



स्तर पर कदम उठाती है लेकिन विपदा की इस घड़ी में सर्व समाज का सहयोग भी जरूरी है। प्रभावित परिवारों की मदद के लिए लोगों के अंदर एक भाव होना चाहिए। मंत्री पंवार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री के नाते अपनी एक माह की सैलरी रविवार को मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की। उन्होंने इस उपरांत प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों से ये भी अपील की है कि कम से कम एक दिन से लेकर एक माह तक की सैलरी मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का काम करें।

### गंगवा बोले: संकट की घड़ी में प्रदेश एकजुट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पिछले दिनों हुई भारी बारिश से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। हालात से निपटने और



प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने सराहनीय पहल करते हुए अपना एक माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में हरियाणा का हर नागरिक एक-दूसरे के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया गया यह सहयोग प्रभावित लोगों के पुनर्वास और राहत कार्यों में उपयोग होगा। गंगवा ने प्रदेशवासियों से भी अपील की कि वे यथासंभव आगे आकर मदद करें।

### विधानसभा अध्यक्ष ने राहत सामग्री से भरे ट्रक किए रवाना

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार सुबह करनाल स्थित जिला सचिवालय से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्राले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दूसरी ओर सेक्टर 9 के कर्णकमल से भी भाजपा के स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा और मेयर ने भी राहत सामग्री से भरे दो ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। हरविन्द्र कल्याण ने दवाइयों, तिरपाल, फॉगिंग मशीन, मच्छरदानी आदि से भरे ट्राले को हरी झंडी दिखाई। यह राहत सामग्री लुधियाना प्रशासन को सौंपी जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर समाज के प्रबुद्ध एवं संपन्न लोगों से अपील की है कि वे प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा कभी गांव, क्षेत्र अथवा देश देखकर नहीं आती। इसकी चपेट में आने वालों की मदद करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म है।

# अब प्रॉपर्टी डीलिंग काम करेगा एचएसवीपी, पोर्टल किया लॉन्च

■ लोग घर बैठे ही प्लाट का वास्तविक मूल्य जान सकेंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने नागरिकों और आवंटियों की सुविधा के लिए एक नया निजी संपत्ति बिक्री-खरीद पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल का उद्देश्य संपत्ति लेन-देन में पारदर्शिता, सुगमता और विश्वास को बढ़ाना है। इस पोर्टल का प्रयोग पूरी तरह से स्वैच्छिक है। यह पोर्टल उन प्लाट धारकों के लिए एक अनूठी सुविधा है जो घर बैठे अपनी सम्पत्ति बेचना चाहते हैं या उसका वास्तविक बाजारी मूल्य पता करना चाहते हैं या यह नहीं चाहते कि उनके बैंक खाते में बाजारी मूल्य से कम मूल्य का भुगतान हो। प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह पूरी तरह उनकी इच्छा पर आधारित है और इसमें भाग लेना अनिवार्य नहीं है। विक्रेता किसी भी समय अपनी संपत्ति को पोर्टल या नीलामी मे वापस ले सकते हैं। उन्हें सर्वोच्च बोली स्वीकार करने या अस्वीकार करने का पूरा अधिकार है। इस प्रक्रिया में कहीं भी बाध्यता नहीं है। विक्रेता को यह स्वतंत्रता है कि वह अपनी अपेक्षित कीमत, बयाना राशि तथा वह दिन स्वयं तय कर सके जिस पर वह बयाना राशि अथवा अंतिम मूल्य प्राप्त करना चाहता है। विक्रेता को यह स्वतंत्रता भी दी गई है कि वह अपनी संपत्ति की तस्वीरें और वीडियो अपलोड कर संभावित खरीदारों को दिखा सकते हैं।

### लेन-देन में पारदर्शिता की बड़ी पहल

इसके साथ ही वे अपनी इच्छा के अनुसार दिन और समय तय कर सकते हैं। जब कोई इच्छुक खरीदार संपति का निरीक्षण करने आ सके। यदि विक्रेता चाहे तो अपनी गोपनीयता बनाए रखने के लिए इस विकल्प का उपयोग न भी करे और उसकी इच्छा के अनुसार उसका मोबाइल नंबर या अन्य विवरण साझा नहीं किए जाएंगे। यह पूरी तरह उनकी मर्जी पर निर्भर करेगा। इतना ही नहीं, विक्रेता अपनी संपत्ति को इस पोर्टल से बाहर भी कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को बेच सकते हैं। इस प्रकार यह पोर्टल विक्रेताओं को केवल एक अतिरिक्त, पारदर्शी और सुरक्षित विकल्प प्रदान करता है।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पोर्टल पर 30 सितंबर तक किये जा सकते हैं। चयनित संस्था को 51 लाख रुपये नकद व प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति को पांच लाख रुपये नकद और प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थान स्वैच्छिक संगठनों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने देश में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार या इस कार्य क्षेत्र में काम किया हो। आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए।

### राज्य महिला पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**चंडीगढ़।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है। इच्छुक महिलाएं महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 26 दिसंबर तक अपने आवेदन जमा करवा सकती हैं। यह पुरस्कार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रदान किए जाएंगे।प्रवक्ता ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार दिया जाएगा।

### सरकार बाढ़ प्रबंधन में पूरी तरह फेल : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने सिरसा, हिसार, फतेहाबाद और जींद जिलों के बाढ़ग्रस्त गांवों के दौरे के बाद कहा कि आज पूरा हरियाणा बाढ़ जैसी विकट आपदा से जूझ रहा है। पिछले 11 सालों से सरकार विकास के नाम पर गुमराह कर रही है, जब सरकार को पता है कि हर साल बाढ़ आने का संभावना रहती है तो उससे बचाव को लेकर चंडीगढ़ में बैठकर प्लानिंग क्यों नहीं की जाती क्यों नहीं तटबंध मजबूत करवाए जाते क्यों नहीं नदी, नहरों और नालों की सफाई करवाई जाती, कागजों का पेट भरने से न तो बाढ़ रूकेगी और न ही जान माल की हानि को रोका जा सकता है, सरकार को जनहित को ध्यान में रखते हुए कदम उठाना ही होगा, काम के नाम पर सरकार को गुमराह करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त करवाई करनी होगी। उन्होंने कहा की जलभराव से भारी नुकसान हुआ है।

### जेजेपी ने प्रदेश कार्यकारिणी में 33 वरिष्ठ पदाधिकारी बनाए

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करके जेजेपी की प्रदेश कार्यकारिणा में 33 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी ने राव अभिमन्यु को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी हैं। जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनफूल शर्मा, धूप सिंह माजरा, ओम धारा, अजीत अंतिल, देवेंद्र सरोत, केसी भारद्वाज, सरदार जगतार सिंह रघुआना, धर्मपाल बालासर, डॉ ईश्वर सिंह मोर और राजबीर तालु को नियुक्त किया गया हैं। जेजेपी ने होशियार सिंह किरमिच, भूपेंद्र बौद, खैराती लाल छौक्कर, डॉ अजित ओडीएम, बलवान कोटड़ा और जान मोहम्मद को प्रदेश महासचिव बनाया हैं।

---

## अमेरिका मे जींद के युवक की गोली मारकर हत्या

# कपिल ने सड़क पर काले युवक को पेशाब करने से रोका, कहासुनी के बाद उसने मार दी गोली

बराह कलां का रहने वाला था युवक, गांव में मातम

■ दो बहनों के साथ परिवार का इकलौता चिराग था मृतक

■ परिजनों ने शव को देश लाने की सरकार से लगाई गुहार

■ पिता की आर्थिक स्थिति खराब थी, चाचा ने पढ़ाया था

■ जींद से बीफार्मा की पढ़ाई के बाद यूएस गया था कपिल

■ कपिल के साथियों ने परिवार को हत्या की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अमेरिका के कैलिफोर्निया रह रहे गांव बराह कलां के युवक की शनिवार गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। मृतक युवक लगभग अढाई साल पहले 45 लाख रुपये देकर डोंकी के रास्ते अमेरिका गया था। मृतक दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। युवक की हत्या से परिवार के साथ गांव मे मातम पसर गया। परिजनों के सामने सबसे बड़ी समस्या बेटे के शव को देश लाकर अंतिम संस्कार करने की है। ग्रामीणों से सरकार से शव को देश लाने की गुहार लगाई है।

### 45 लाख रुपये खर्च कर डोंकी रूट से गया था यूएस



गांव बराह कलां निवासी कपिल (26) लगभग अढाई साल पहले वर्ष 2022 मे 45 लाख रुपये देकर डोंकी के रास्ते अमेरिका गया था। उसे अमेरिका मे पुलिस ने पकडा भी था। जिसका केस भी वहां पर चला। दो बहनों का इकलौता भाई कपिल फिलहाल केलिफोर्निया में रह अमेजॉन के स्टोर पर कार्य कर रहा था। परिजनों ने बताया कि काले रंग का अमेरिकी वहां पर आया और सड़क पर पेशाब करने लगा। जब कपिल ने उसे रोका तो दोनों के बीच कहासुनी को गई। जिस पर उस व्यक्ति ने कपिल को गोली मारी दी। जिसमें कपिल की मौत हो गई। कपिल के साथ काम करने वाले भारतीय मूल के अन्य लोगों ने परिजनो को घटना के बारे में अवगत करवाया।

### परिजन बोले- अंतिम दर्शन के बाद संस्कार की इच्छा

अमेरीका में हुई कपिल की हत्या की सूचना से परिवार तथा गांव में मातम पसर गया। परिजनो को रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिवार के सामने सबसे बड़ी समस्या कपिल के शव को देश लाने की है, ताकि परिजन मृतक कपिल का अंतिम दर्शन कर उसका संस्कार कर सके।

### पिता- के पास दो एकड़ भूमि, एक बहन पढ़ रही

पिल्लूखेड़ा में ट्रैक्टर एजेंसी चलाने मृतक के चाचा रमेश ने बताया कि परिवार के आर्थिक हालातों को देखते हुए उसने कपिल को अपने पास जींद मे पढाया था। उसे बी फार्मा करवाई। कपिल की इच्छा अमेरिका जाकर काम करने की थी। किसी तरह रुपयों का प्रबंध कर उसे अमेरिका भेजा गया था। मृतक कपिल के पिता ईश्वर के पास दो एकड़ जमीन है। जिसके सहारे परिवार का पालन पोषण कर रहा है। मां सतोष साधारण गृहणी है। बड़ी बहन रीतू शादी शुदा है। जबकि छोटी बहन काजल अभी पढ़ रही है। परिवार के इकलौते चिराग ने पूरे परिवार को तोड कर रख दिया है।

---

**परिवार स्तब्ध : गुमशुदा होने की शिकायत दी थी, बेटे ने एक शव को पिता के रूप में पहचाना**

## दाह संस्कार के दो दिन बाद सड़क पर घूमता मिला लेबर कॉन्ट्रेक्टर

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। परिजनों ने जिस व्यक्ति का अंतिम संस्कार कर दिया था, वही दो दिन बाद सकुशल घर लौट आया। इस घटना ने परिजनों और पड़ोसियों को स्तब्ध कर दिया। दरअसल, लेबर कॉन्ट्रेक्टर का काम करने वाले 47 वर्षीय पूजन प्रसाद अगस्त के आखिर में लापता हो गए थे। जिसकी परिजनों ने 1 सितम्बर को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। इस बीच पुलिस ने पास के इलाके से एक शव बरामद किया और मृतक के बेटे ने कपड़े व पैर पर चोट का निशान देखकर उसे अपने पिता का शव मान लिया। शव का अंतिम संस्कार राम बाग श्मशानघाट पर कर दिया गया और अस्थियां विसर्जन की तैयारी भी हो गई।

### साले ने खांडसा के लेबर चौक पर पहचाना और घर ले आया

लेकिन बुधवार को पूजन के साले ने उन्हें खांडसा के लेबर चौक पर जीवित देख लिया और घर ले आया। पिता को सामने देखकर बेटे और पत्नी फफक पड़े। पड़ोसी भी हैरान रह गए क्योंकि उन्होंने खुद अंतिम संस्कार में भाग लिया था। पूजन ने बताया कि वह शराब के नशे में कई दिनों तक अलग-अलग जगह भटक रहे थे और घर लौटने की सुध ही नहीं थी। इस खुलासे के बाद पुलिस के सामने असली चुनौती उस अज्ञात शव की पहचान करना है, जिसका पोस्टमार्टम और डीएनए सैंपल पहले ही लिया जा चुका है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अब सिर्फ दो साल तक ही दोबारा नियुक्त हो सकेंगे रिटायर कर्मचारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सेवानिवृत्ति अफसर कर्मचारियों को अब पुन नियुक्ति के मामले में मात्र 2 साल के लिए ही नियुक्त किया जाएगा हालांकि वह 63 साल की उम्र तक सेवा दे सकेंगे सेवानिवृत्ति के बाद अधिकतम सेवा देने को लेकर पहले स्पष्ट दिशा निर्देश और नियम नहीं थे। हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से इस संबंध में गढ़ दिवस दिशा निर्देश जारी किए गए हैं इसके साथ ही पहले से जारी निर्देशों को वापस ले लिया गया है। मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेशों में साफ कर दिया गया है कि अब सेवानिवृत होने के बाद अधिकारी और कर्मचारी मात्र 2 साल तक सेवा के लिए पुनर नियुक्ति का सकेगा कुछ मामलों में लगातार पुणे नियुक्त होने वाले अधिकारी और कर्मचारियों की अब छुट्टी पर है मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों के साथ-साथ विभाग प्रमुखों और जिला उपायुक्तों को स्पष्ट आदेश भेज दिए गए हैं पत्र में साफ कर दिया गया है कि 58 साल की सेवानिवृत्ति की आयु के बाद में असाधारण हालात में भी एक्सटेंशन दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का 10,000 का चालान

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का दस हजार का चालान किया गया है। सब इंस्पेक्टर खुर्शीद ने रविवार को रामायण टोल प्लाजा के समीप वाहनों की चेकिंग के दौरान एक गाड़ी को कागजात की जांच के लिए रोका तो उसकी खिड़कियों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी हुई थी। पुलिस ने 10,000 रुपये का चालान किया और ब्लैक फिल्म को उतारा गया।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां गायब, केस दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव शादीपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव सिंध्वीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने गायब युवतियों के तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### इंग्लैंड भेजने के नाम पर 12.50 लाख ठगे

**कैथल।** टयोंठा गांव निवासी युवक को विदेश भेजने के नाम पर पटियाला पंजाब के एक दंपती ने 12 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली है। आरोपियों ने उसे इंग्लैंड भेजने का झांसा दिया था। रुपए लेने के बाद भी उसे विदेश नहीं भेजा और रकम वापस मांगने पर उसे छेड़छाड़ के केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। पूंडरी थाने में दी गई शिकायत में टयोंठा निवासी शेर सिंह ने बताया कि उसके चाचा अमरीक सिंह के साथ पटियाला निवासी गुरबाज सिंह उर्फ गैवी नाम के व्यक्ति का आना जाना था।

### बहादुरगढ़: रोहद में करंट लगने से मौत

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान रमेश के रूप में हुई है। रविवार की सुबह रमेश को करंट लगा। उसे अस्पताल में लेकर गए तो मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई।

**फ्रॉड : आरटीओ चालान मैसेज के नाम पर आई थी एपीके फाइल**

# एपीके फाइल को क्लिक करना पड़ा मंहगा, 3.12 लाख गायब

*व्हाट्सअप पर आरटीओ के नाम से आए चलान एपीके फाइल लिंक को डाउनलोड करने पर व्यक्ति के खाते से तीन लाख 12 हजार रुपये गायब हो गए। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

**साइबर ठग नई नई तकनीक का जाल बुनकर लोगों को बना रहे शिकार**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

व्हाट्सअप पर आरटीओ के नाम से आए चलान एपीके फाइल लिंक को डाउनलोड करने पर व्यक्ति के खाते से तीन लाख 12 हजार रुपये गायब हो गए। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भिवानी रोड विकास नगर निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो सितंबर को उसके व्हाट्सअप पर आरटीओ चलान लिखी एपीके फाइल आई। उस फाइल के लिंक को उसने क्लिक कर लिया। जिसके बाद उसके खाते से तीन लाख 12 हजार रुपये की राशि गायब हो गई। घटना का उस समय पता चला, जब उसने बैंक में जाकर अपने खाते का जांचा। साइबर थाना पुलिस ने सतीश की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### संदिग्ध लिंक पर क्लिक करते ही खाते से 50 हजार रुपये उड़े, चालान का झांसा

**कैथल।** साइबर ठगों ने एक तकनीक का जाल बुनकर खंड सीवन के रसूलपुर गामड़ी गांव निवासी युवक अंकित को ठगी का शिकार बना लिया। वाहन चालान का बहाना बनाकर भेजे गए संदिग्ध लिंक पर क्लिक करते ही उसके बैंक खाते से 50 हजार रुपये कुछ ही मिनटों में गायब हो गए। घबराए युवक ने थाना सीवन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और अपराधियों को पकड़ने की गुहार लगाई। सीवन थाने में दी गई शिकायत में अंकित ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उसे अज्ञात नंबरों से ऋण दिलाने के फोन आ रहे थे। छह सितंबर को उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से संदेश आया, जिसमें वाहन चालान बकाया होने की बात लिखी थी और एक लिंक भेजा गया था। हाल ही में उसने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल बेची थी तथा उसके दो चालान खरीदार ने भर दिए थे।

### डबवाली विधायक का मोबाइल और व्हाट्सएप हैक, आरटीओ की फर्जी फाइल खोली

**डबवाली।** सिरसा जिले में डबवाली विधानसभा हलके से इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला का मोबाइल और व्हाट्सएप अकाउंट साइबर



हैकर्स के निशाने पर आ गया है। इस बात की जानकारी खुद विधायक ने फेसबुक पर दी। आदित्य चौटाला ने बताया कि उनके मोबाइल पर आरटीओ नाम की एक फाइल आई थी। उन्होंने सोचा कि यह किसी चालान से जुड़ी फाइल होगी। जैसे ही उन्होंने उस लिंक पर क्लिक किया, उनका व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो गया। फेसबुक पर लाइव में विधायक ने लोगों से अपील की कि अगर उनके नंबर से किसी को कोई व्हाट्सएप मैसेज या लिंक आता है तो उस पर भरोसा न करें और सतर्क रहें। उन्होंने साफ कहा कि जब तक उनका अकाउंट रिकवर नहीं हो जाता, तब तक कोई भी उनके नंबर से आए मैसेज पर प्रतिक्रिया न दे।

### धोखाधड़ी कर क्रेडिट कार्ड से निकाले पांच लाख रुपये, मामला दर्ज

**सोनीपत।** जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर 5 लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगों का पता लगाकर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मोहल्ला कला निवासी अरुण कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वह किसी काम से दिल्ली गया हुआ था। इसी दौरान अचानक उसके मोबाइल पर मैसेज आने शुरू हो गए कि उसके क्रेडिट कार्ड से लगातार खरीदारी की जा रही है। मैसेज देखने के बाद उसने तुरंत अपने बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल कर क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक करवाया। अरुण कुमार ने बताया कि कार्ड ब्लॉक होने तक उसके क्रेडिट कार्ड से पांच लाख सतरह हजार पांच सौ इक्वान रुपये की राशि अलग-अलग खातों में ट्रांसफर हो चुकी थी।

## धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने पर पादरी समेत छह लोगों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अजमेर बस्ती में धर्मांतरण न करने पर युवक को धमकी देने पर शहर थाना पुलिस पादरी समेत छह लोगों के खिलाफ विभिन्न न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजमेर बस्ती निवासी चंद्रमोहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बस्ती में कर्मबीर ने ईसाई धर्म अपनाया हुआ है और अपने घर चर्च बनाई हुई है। जहां पर खुद पादरी बन कर लोगों की प्रार्थना करवाता है। बस्ती में होने के कारण कर्मबीर से जान पहचान भी रही है। कर्मबीर तथा उसके साथी धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाल रहे थे। जब उसने धर्म परिवर्तन करने से मना किया और विरोध किया तो आरोपितों ने उसे गाली गालौज की और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। चंद्रमोहन की शिकायत पर पादरी कर्मबीर, साहिल मेसी, रणबीर, अंशुल, रणबीर के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**भूना में हनी ट्रैप का मामला**

## पूर्व सैनिक को ब्लैकमेल करने पर तीन युवक दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/भूना

हनी ट्रैप कर पूर्व सैनिक को ब्लैकमेलिंग के गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान टेका राम पुत्र भूप सिंह, निवासी मॉडल टाउन, भुना, हरपाल पुत्र करमबीर व कुलदीप सिंह पुत्र करमबीर निवासी वार्ड नं. 14, भुना के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने रिटायर्ड आर्मी कर्मी धीर सिंह निवासी भुना की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ व्यक्तियों ने षड्यंत्र रचकर झूठे आरोप लगाए और उससे लाखों



भूना। ब्लैकमेलिंग मामले में गिरफ्तार तीनों युवक। फोटो: हरिभूमि

रुपये वसूल किए तथा उसकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की धमकी दी। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने पुलिस को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध करवाई थी। पुलिस जांच में आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## एंटी व्हीकल सेल ने चोरी की बाइक बेचने के लिए जा रहे दो युवकों को दबोचा

*कैल कलानौर बाईपास हाईवे से होते हुए यूपी बेचने के लिए जा रहे थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कैल बाईपास मोड़ के पास से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक चोर चोरी की बाइक को कैल कलानौर बाईपास हाईवे से होते हुए उत्तर प्रदेश बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत



यमुनानगर। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम द्वारा पकड़े गए दो आरोपी बाइक चोर। फोटो: हरिभूमि

में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल टीम के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी दो युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए कैल बाईपास मोड़ से होते हुए जाएंगे। इस सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद दो युवक बाइक में आते दिखाई दिए। टीम ने उन्हें रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपियों ने यह बाइक चार सितंबर को स्वामी विवेकानंद अस्पताल के सामने से चोरी की थी। आरोपियों की पहचान गांव खुंडेवाला निवासी मनजोत सिंह पंजाब के तरन तारन के गांव मान निवासी लवप्रीत के नाम से हुई।

### निगम का कुत्तों को पकड़ने एवं नसबंदी अभियान जारी

**फरीदाबाद।** निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा निर्देशों अनुसार नगर निगम फरीदाबाद की ओर से चलाए जा रहे आवारा, सामुदायिक कुत्तों को पकड़ने एवं नसबंदी कराने के अभियान के तहत आज कुल 8 कुत्तों को पकड़ा गया। यह अभियान बल्लभगढ़, सेक्टर-3 और ग्रीन फील्ड्स क्षेत्रों में चलाया गया। कुल 1 कुत्ते की सर्जरी (नसबंदी) की गई तथा 18 कुत्तों को सर्जरी के उपरांत उनके क्षेत्रों में सुरक्षित रूप से छोड़ा गया। नगर निगम का यह अभियान लगातार जारी है ताकि शहर में आवारा कुत्तों को नियंत्रित किया जा सके।

## लॉकअप में हत्यारोपी ने लगाया फंदा, थाने में मचा हड़कंप

*डीएसपी सुरेंद्र श्योराण मौके पर पहुंचे*

*घटना थाने के सीसीटीवी में रिकॉर विभागीय जांच के आदेश जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मॉडल टाउन पुलिस थाने के लॉकअप में बंद हत्या के एक आरोपी ने शनिवार की रात कंबल की कतरन से फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला, तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। परिजनों ने इसे पुलिस की लापरवाही का नतीजा बताते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है। वहीं



मृतक विनोद पुलिस टीम के साथ।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। डीएसपी की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया। इस दौरान डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण भी सिविल अस्पताल में मौजूद रहे। बावल की एक कंपनी में काम करने वाले यूपी के एक युवक राकेश की हत्या के आरोप में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शनिवार को यूपी के ही सुलतानपुर निवासी विनोद व सन्नी को गिरफ्तार किया था। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया था। दोनों आरोपियों को रात को मॉडल टाउन थाने के लॉकअप में बंद किया गया था। रविवार सुबह विनोद का शव कंबल की कतरन से लॉकअप की ग्रिल से लटकता हुआ, विभाग तक में हड़कंप मच गया।

**अधिक ब्याज हड़पने वाले फाइनेंसरों के खिलाफ पुलिस की सख्ती**

## 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अधिक ब्याज वसूलने वाले फाइनेंसरों के खिलाफ जिला पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। पुलिस ने देर रात दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि ब्याज सहित रकम चुकाने के बावजूद आरोपी लगातार धमकियां दे रहे थे और जबरन रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे। थाना जगाधरी सिटी क्षेत्र के कल्याण नगर निवासी अमरजीत सिंह उर्फ अंडा ने पुलिस




को बताया कि वह मनोचा हॉस्पिटल के बाहर वर्षों से अंडे की रेहड़ी लगाता था। वह अविवाहित है। आर्थिक तंगी के समय उसने प्रवीण, अरुण, जयदेव, रवि वाल्मीकि, विकास, जोनी, जोनी पहलवान और श्यामू से थोड़ी-थोड़ी रकम उधार ली थी। अमरजीत ने कहा कि पिछले पांच सालों में उसने ब्याज समेत हर रुपये की अदायगी कर दी। बावजूद इसके आरोपी दबाव बना रहे हैं कि अभी आधी रकम बकाया है। रुपये न देने पर उसे जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकियां मिल रही हैं। आरोपियों के डर से उसने मजबूरी में अंडे की रेहड़ी तक बंद कर दी। वह आर्थिक तंगी में है और दहशत का माहौल है। पुलिस ने सभी आठों आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, गांव दडवा निवासी सुमेरचंद ने बताया कि चार साल पहले उसने भाई चरणदास और लक्ष्मी से 45 हजार रुपये उधार लिए थे।

**सोनीपत-खरखौदा मार्ग पर हादसा**

## तेज रफ्तार कार ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**सोनीपत।** सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर गांव हरसाना मोड़ के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना सोनीपत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महावीर कॉलोनी निवासी विकी (36) प्राइवेट नौकरी करता था और काम पर बाइक से आता-जाता था। वह अपनी ड्यूटी पर आ रहा था। गांव हरसाना मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। घायल को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**फरीदाबाद: दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर सेक्टर 31 के पास हादसा**

## इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर जा रहे एसपीओ को कार चालक ने रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

खेड़ीपुल थाने में तैनात एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) की दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर सेक्टर.31 के पास कार की टक्कर से मौत हो गई। एसपीओ स्कूटी से अपने घर जा रहा था। पुलिस के अनुसार टक्कर के बाद इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग भी लग गई। टक्कर मारने वाली कार भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। चालक मौके से



कार से टक्कर के बाद इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग भी लग गई

फरार हो गया। सेक्टर-31 थाना प्रभारी के अनुसार शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। मोलड़बंद दिल्ली के रहने वाले राजेंद्र ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उनका छोटा भाई इतेंद्र प्रसाद हरियाणा पुलिस में एसपीओ था। वर्तमान में उसकी तैनाती खेड़ीपुल थाने में थी। वह करीब आठ महीने पहले ही भर्ती हुआ था। शनिवार रात करीब दो बजे ड्यूटी खत्म करके अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर बदरपुर दिल्ली की तरफ आ रहा था। वह दिल्ली मुंबई लिंक एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन से जा रहा था। एतमादपुर के पास कार ने तेज रफ्तार में आकर इतेंद्र की स्कूटी में टक्कर मार दी।

**हुजूर कंवर साहेब जी महाराज ने पानीपत के राधास्वामी आश्रम में सत्संग फरमाया**

# स्वयं को सुधारो, जग स्वतः ही सुधर जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सत्संग देखने और सुनने मात्र ना आओ, सत्संग तो करने के लिए आओ। सत्संग सत्य धर्म का मार्ग है और सत्य सुनने या देखने का नहीं है बल्कि सत्य तो अपनाने का है। स्वयं को सुधारो जग स्वतः ही सुधर जाएगा। यह सत्संग वचन राधा स्वामी दिनोद के परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने पानीपत के गोहाना रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए। हुजूर कंवर साहेब ने संतमत में तीन चीज उपयोगी है। सत्संग, सतगुरु और सतनाम। सत्संग में तीन को हमेशा खुला रखो। आंख कान और हृदय। पहले सतगुरु के दर्शन करो फिर वचन सुनो और उन वचनों को हृदय में गुणों। केवल यह करके ही हम अपनी आत्मशक्ति को जाया करने के इन तीन द्वारों पर अंकुश लगा सकते हैं।



पानीपत। राधास्वामी आश्रम में सत्संग फरमाते राधा स्वामी दिनोद के कंवर साहेब महाराज एवं सत्संग श्रवण करते हुए श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि

### आंख से बुरा न देखो, कान से बुरा न सुनो और मुख से बुरा न बोलो

आंख से बुरा ना देखो,कान से बुरा ना सुनो और मुख से बुरा ना बोलो। गुरु महाराज जी ने कहा कि संतमत गुरुमुख्ता का मत है लेकिन गुरमुख बनना सबसे मुश्किल है। गुरुमुख्ता लगे रहने से ही मिलती है। अगर डांवाडोल हो गए तो कुछ नहीं पाओगे।जब मन की हद से निकल कर गुरु की हद में आ जाओगे तो काग से हंस रूप हो जाओगे। हुजूर ने कहा कि थोथा पिछोड़ने में कोई लाभ नहीं। संतमत करनी का मत है। बातों से भक्ति संभव नहीं है करोगे तो ही कुछ पाओगे। मन बड़ा शैतान है। इसके पास लोभ लालच के इतने हथियार है जिनसे बच पाना सामान्यतः मुश्किल है लेकिन गुरु का प्रेमी इनसे आसानी से बच जाता है। गुरु महाराज जी ने कहा कि प्रभु से प्रेम करो तो ऐसा करो कि उसकी छवि आपके अंतर्मन में बस जाए। परमात्मा और आपके बीच में किसी को ना आने दो।

### *कोठी कार बंगले यहीं रह जाएंगे, साथ जाएगा तो आपका भजन जाएगा*

*उन्होंने कहा कि नाम भक्ति को लेकर राधास्वामी मत के संस्थापक स्वामी जी महाराज ने साल के बारह के बारह मास को लेकर बारहमासा लिख दिया ताकि जीव समय रहते चेत जाए और काल के फंदे से बच जाए। उन्होंने कहा कि भक्ति एक दो दिन या महीने या साल का काम नहीं है ये तो देह पर्यंत का काम है। जब तक सांस चले नाम को और गुरु को ना भूलो। हुजूर महाराज ने चेतावनी देते हुए कहा कि ये कोठी कार बंगले यहीं रह जायेंगे,साथ जाएगा तो आपका भजन जाएगा। नेकी करो बदकर्म त्याग दो क्योंकि रावण जैसा महा बलि और महा धनवान भी आज युग पलटने के बाद भी दुनिया की नफरत को पाता है और झोपडी और एक लंगोटी में रहने वाले साधु संत महात्मा अपने सत्कर्मों के कारण आज भी युगों युगों से पूज्यनीय हैं। उन्होंने कहा कि मां बाप बड़े बुजुर्गों की सेवा करो। मंदिर की मूरत आपको आशीर्वाद या दुवाएं नहीं देंगी बल्कि आपके बड़े बुजुर्ग और मां बाप आपको दुवाएं और आशीर्वाद देंगे। तन पवित्र सेवा से धन पवित्र दान से और मन पवित्र हरि भजन से करो।मन को काम में लगाए रखो। नेकी करो हरि के जन से प्रेम करो। सत्य के मार्ग पर चलो। अपनी संतान को संस्कार की विरासत सौंपो। बच्चो की केवल जरूरत को पूरी करो इच्छाएं नहीं। पर धन और पर त्रिया पर कुदृष्टि ना रखो। स्वयं को सुधारो जग स्वतः सुधर जाएगा।*

## फैक्ट्री में करंट लगने से युवक की मौत

**परिजनों ने दो लोगों पर केस दर्ज कराया**

- पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गणपति धाम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में करंट लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे के लिए परिजनों ने फैक्ट्री मालिक व मृतक युवक को अपने साथ ले जाने वाले शख्स को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के महावीर एंक्लेव में रहने वाले रंजीत पटेल का कहना है कि वे पांच भाई हैं। चौथे नंबर पर प्रभाकर उर्फ गोलू है। गोलू मेहनत-मजदूरी आदि करता है। अभी हाल ही में महावीर एंक्लेव का रहने वाला मनीष मेरे भाई गोलू को बहादुरगढ़ स्थित गणपति धाम की एक फैक्ट्री में लेकर गया। वहां उन्हें बिजली संबंधित कोई काम करना था। काम के दौरान मेरे भाई गोलू को करंट लग गई। देर शाम करीब सात बजे हमें हादसे की सूचना मिली तो मौके पर पहुंची।

इसके बाद अपने स्तर पर पड़ताल की तो पता चला कि बिना सुरक्षा संसाधनों के काम कराया गया था। इसी वजह से यह हादसा हुआ और गोलू की जान चली गई। हादसे के लिए फैक्ट्री मालिक व मनीष दोषी हैं। वहीं, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की असल हकीकत जांच के बाद सामने आ पाएगी।

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मांग बढ़ने से तेल की कीमतें सुधरी

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में आई भारी गिरावट तथा त्योहारी मांग में वृद्धि होने के कारण घरेलू बाजार में सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम लाभ दर्शाते बंद हुए। मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी जैसे तेलों के थोक दाम काफी टूटे हुए हैं। मगर इन सभी तेलों के हाजिर खुदरा दाम काफी महंगे हैं। त्योहारों के इस मौसम में आम ग्राहकों को अगर सस्ता खाद्य तेल सुलभ कराना सरकार की प्राथमिकता है

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 37,960.96 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,451.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### करूर वैश्य बैंक ने ब्याज दर 0.10 प्रतिशत घटाई

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित (एमसीएलआर) कर्ज के लिए ब्याज दर में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है। इससे एमसीएलआर से जुड़ा कर्ज सस्ता हो जाएगा। करूर वैश्य बैंक ने बताया कि एक साल की अवधि वाले लोन की न्यूनतम ब्याज दर अब 9.55 प्रतिशत से घटकर 9.45 प्रतिशत हो जाएगी।

### वित्त मंत्री ने कहा, सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए करेगा प्रेरित

# जीएसटी में सुधारों से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, महंगाई बढ़ने का जोखिम नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती समेत अन्य सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेंगे और इसके परिणामस्वरूप आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई काबू में है और इसके बढ़ने का जोखिम नहीं है।

जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी।

#### लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा

दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामान समेत करीब 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। उन्होंने कहा, "जीएसटी दरों में कटौती के साथ सुधारों की दिशा में जो कदम उठाये गये हैं वास्तव में यह लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

**आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी**

**विलासिता की वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दर लागू होगी**

**रोजमर्रा के सामानों सहित 400 वस्तुएं की दरें कम की गई**




*चिकित्सा बिलों में कमी आएगी : सीतारमण ने कहा, "इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांक्षाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी।"*

*अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार : सीतारमण ने कहा, " यह सुधार 2017 में एक राष्ट्र, एक कर व्यवस्था लागू होने के बाद से अबतक का सबसे बड़ा सुधार है और इसे आम आदमी को ध्यान में रखकर किया गया है। रोजमर्रा की जरूरत की हर वस्तु पर लगने वाले कर की कड़ी समीक्षा की गई है। आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं।"*

#### बजट में 12 लाख तक की आय करमुक्त की गई

उल्लेखनीय है कि इससे पहले, 2025-26 के बजट में उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त किये जाने की घोषणा की थी। इससे लोगों के जेब में अधिक पैसा आने और खपत बढ़ने की उम्मीद है।

#### रुपए पर हमारी नजर है

*रुपए की विनिमय दर में गिरावट के बीच वित्त मंत्री ने कहा है कि हमारी इस पर नजर है, लेकिन हमें यह भी देखना होगा घरेलू मुद्रा में गिरावट केवल अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में है। यह केवल रुपए का मामला नहीं है और दूसरे देशों की मुद्राएं भी प्रभावित हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया गिरावट से उबरते हुए तीन पैसे की तेजी के साथ 88.09 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यह 88.12 के भाव पर बंद हुआ था।*

# जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने के लिए वेदांता की बोली सबसे ऊंची

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




- वेदांता ने 12,505 करोड़ की बोली लगाकर अदाणी को पीछे छोड़ा
- एनसीएलटी की मंजूरी मिलते ही 4000 करोड़ जमा करेगी वेदांता

खनन क्षेत्र की कंपनी वेदांता लि. ने कर्ज में डूबी हुई जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को खरीदने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। सूत्रों के मुताबिक, वेदांता ने सफल बोली लगाने के बाद कहा कि वह एनसीएलटी की मंजूरी मिलते ही 4,000 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी और बाकी की रकम अगले पांच से छह सालों में चुकाएगी।

वेदांता ने करीब 12,505 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अदाणी समूह को पीछे छोड़ दिया है। यह बोली बैंकों द्वारा आयोजित नीलामी में लगाई गई थी, जिनका उद्देश्य जयप्रकाश ग्रुप के लिए खरीदार ढूंढना था। जयप्रकाश समूह रियल एस्टेट, सीमेंट, बिजली, होटल और सड़कों जैसे क्षेत्रों में काम करता है। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड इस समय आईबीसी (दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता) के तहत दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। इस प्रक्रिया के तहत, 24 जून को समाधान योजनाएं मांगी गईं। इसके बाद, पांच कंपनियों — वेदांता, अदाणी, डालमिया, जिंदल पावर और पीएनसी इंफ्राटेक के बीच इसे हासिल करने के लिए मुकाबला हुआ। इसमें वेदांता ने 12,505 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई।

#### मंजूरी में लग सकता है एक साल का समय

सूत्रों के मुताबिक, जेएआईएल के लिए वेदांता को सबसे ऊंची बोली लगाने वाला बोलीदाता घोषित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह पूरा भुगतान एक साथ नहीं किया जाएगा, बल्कि किस्तों में होगा। पहली किस्त करीब 4,000 करोड़ रुपये की होगी, जो एनसीएलटी की मंजूरी मिलने के बाद दी जाएगी। इस मंजूरी में करीब एक साल का समय लग सकता है। बाकी बची हुई रकम अगले पांच से छह सालों में चुकाई जाएगी।

# ब्रिटानिया को ग्रामीण बाजारों से 50 प्रतिशत बिक्री की उम्मीद

**बेंगलुरु।** ब्रिटानिया को उम्मीद है कि अगले तीन से चार साल में उसकी घरेलू बिक्री का आधा हिस्सा ग्रामीण बाजारों से आएगा। कंपनी ऐसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए वितरण नेटवर्क का विस्तार कर रही है।कंपनी के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने यह जानकारी दी। बेरी ने कहा कि ग्रामीण बाजार ब्रिटानिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गुड डे, मैरी गोल्ड, और टाइगर बिस्किट बनाने वाली इस कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में इन बाजारों में दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की। अब कंपनी सीधे वितरण के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ा रही है ताकि दूरदराज के बाजारों में उत्पादों की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। बेरी ने बताया कि ब्रिटानिया अब अपनी लगभग 40 प्रतिशत बिक्री ग्रामीण बाजारों से प्राप्त करती है। शहर की तुलना में तेजी से बढ़ रहा ग्रामीण बाजारबेरी ने यह भी कहा कि ग्रामीण बाजार अब शहरी बाजारों की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं और यह रुझान जारी रहने की उम्मीद है।

#### ग्रामीण बाजार में उपभोग की काफी क्षमता

ब्रिटानिया का लक्ष्य है कि उसकी शहरी और ग्रामीण बिक्री का अनुपात 50-50 हो जाए। कंपनी ऐसा इसलिए करना चाहती है क्योंकि ग्रामीण बाजारों में उपभोग और वितरण दोनों की काफी क्षमता है और वह इन बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत बनाना चाहती है। बेरी के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने में शायद तीन से चार साल लगेंगे।

# भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर किया आगाह



**नई दिल्ली।** भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है। भारत ने अधिक बाजार पहुंच सुनिश्चित करके और व्यापार सुविधा के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाकर लगातार व्यापार घाटे को दूर करने का भी आह्वान किया। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि भारत के वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को चीन के दुर्लभ पृथ्वी चुम्बक और उर्वरक पर निर्यात प्रतिबंधों के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

## स्पाइसजेट को बढ़ी लागत के कारण हुआ नुकसान




**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने शुक्रवार को बताया कि जून में समाप्त तिमाही के दौरान उसे 238 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। कंपनी ने कहा कि विमानों के खड़े होने और अवकाश यात्रा की मांग में कमी से उसकी वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई। कई चुनौतियों का सामना कर रही इस बजट एयरलाइन ने चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में कुल 1,190.56 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले इसी अवधि में उसने 2,067.21 करोड़ रुपये की आय दर्ज की थी। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा कि पड़ोसी देश के साथ भू-राजनीतिक स्थिति और प्रमुख बाजारों में हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण कंपनी के नतीजे काफी प्रभावित हुए, जिसके कारण अवकाश यात्रा की मांग कम रही।

# महंगाई के नरम पड़ने से जीडीपी वृद्धि में कमी संभव

**नई दिल्ली।** महंगाई के नरम पड़ने से चालू वित्त वर्ष में बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बजट अनुमान (10.1 प्रतिशत) से कम रह सकती है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने यह अनुमान जताया है। मौजूदा बाजार कीमतों पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महंगाई के प्रभाव को समायोजित नहीं किया जाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8 प्रतिशत के वास्तविक जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वास्तविक जीडीपी में महंगाई के प्रभाव को समायोजित किया जाता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने हाल में ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों को मंजूरी दी है, जिससे लगभग 400 वस्तुओं की कीमतों में कमी होगी।

# सोने में आ सकती है मुनाफावसूली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- निवेशकों को मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार
- पिछले सप्ताह सोने ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छूआ था

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोने की कीमतों में कुछ समय के लिए मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि इस कीमती धातु की भविष्य की दिशा आगामी वैश्विक आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जिनमें अमेरिका और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की नीतिगत बैठक शामिल हैं। सराफा कारोबारी अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड के भाषण सहित व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी कड़ी नज़र रखेंगे।

*पिछले सप्ताह 4000 रुपए की तेजी आई थी : पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में लगभग 4,000 रुपये प्रति 10 ग्राम या 3.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, "तकनीकी चार्ट अत्यधिक खरीदारी का संकेत दे रहे हैं और कुछ मुनाफावसूली हो सकती है। फिर भी रुझान सकारात्मक बना हुआ है और एमसीएक्स पर इसके 1,10,000-1,12,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक बढ़ने की संभावना है।"*

# घरेलू और वैश्विक स्तर के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। एक विश्लेषक ने कहा कि मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और नीतिगत सुधारों के समर्थन से पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह भी घरेलू और वैश्विक स्तर पर काफी आंकड़े आएंगे। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का आंकड़ा 12 सितंबर को जारी किया जाएगा।'' मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर नजर रहेगी। इनमें उपभोक्ता मुद्रास्फीति, बेरोजगारी के दावे और उपभोक्ता धारणा शामिल हैं, जो फेडरल रिजर्व की नीतिगत अपेक्षाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई भी नई सूचना बाजार की धारणा को और मजबूत कर सकती है।''भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सतर्क और आशावादी रुख के साथ शुरुआत कर सकता हैं। निवेशक विशेष रूप से उपभोग-आधारित और पूंजीगत व्यय-आधारित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।'' विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर का रुख भी इस सप्ताह बाजार का रुख तय करेगा।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर किया आगाह

**नई दिल्ली।** भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है।

#### बड़ा आकार होने के कारण छोटी-मोटी घटनाएं होना सामान्य

# एयर-इंडिया करने जा रही सेवा में कमी की भरपाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




**सेवा में कमी की भरपाई के लिए 'ई-वाउचर' देने की योजना**

हाल ही में हुई एयर इंडिया के कुछ विमानों से जुड़ी घटनाओं के बीच एयरलाइन के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा है कि एयर इंडिया समूह के बड़े आकार को देखते हुए ऐसी घटनाओं का होना पूरी तरह से सामान्य है। विमानन कंपनी अपनी केबिन क्रू को उड़ानों के दौरान सेवा में कमी की भरपाई के लिए यात्रियों को 'ई-वाउचर' देने की अनुमति देने की योजना बना रही है। यह योजना यात्रियों द्वारा सेवा संबंधी समस्याओं, तथा कुछ विमानों में तकनीकी खराबी के कारण उड़ानों के रद्द होने और देरी की शिकायत की पृष्ठभूमि में बनाई गई है। एयर लाइन प्रमुख ने पांच सितंबर को कर्मचारियों को एक संदेश में कहा, ''जब हम पर ध्यान केंद्रित होता है, तो समय पर, स्पष्ट और सटीक जानकारी और सही संदर्भ प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, हाल के हफ्तों में, हम घटनाओं और घटनाओं की रिपोर्ट करने में सामान्य से भी अधिक पारदर्शी रहे हैं, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक ने यह भी कहा कि विमानन कंपनी ने अपनी फ्रंटलाइन टीमों को यह अधिकार दिया है कि जब सेवा में कोई कमी हो जाए तो वे यात्रियों को ई-वाउचर दे सकते हैं ताकि उनकी परेशानी का तुरंत समाधान किया जा सके।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Sudhir Jiwan**
Additional District and Sessions Judge, Jhajjar
**Sudhir (Intellectual Disabled) S/o Ashok Through his mother Jyoti W/o Ashok**
**Vs.**
**General Public**
**CNR No. HRJR01-000215-2025**
**Next Date : 25.09.2025**
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Additional District and Sessions Judge, Jhajjar
Dated, this day of 01.09.2025

## शब्द पहेली - 5982




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5981 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |





**मुंबई।** मुंबई के सबसे मशहूर गणपति लाल बाग के राजा अपने अपने पंडाल से गिरगांव चौपाटी तक का सफर पूरा करने के लिए 20 घंटे का वक्त लेते हैं, हालांकि यह फासला महज आठ किलोमीटर का ही है। इस धीमी रफ्तार के पीछे कई सालों से चली आ रही कुछ परंपराएं हैं। अनंत चतुर्दशी के दिन मुंबई के लालबाग इलाके से राजा की सवारी सुबह 10:00 बजे शुरू होती है और अगले दिन करीब 6:00 बजे यह गिरगांव चौपाटी के समुद्र तट पर पहुंचती है। उनकी सवारी के साथ लाखों भक्तों का हुजूम चलता है।

# इन अनूठी परंपराओं के कारण 8 किमी का फासला 20 घंटे में तय करते हैं लाल बाग के राजा

### पड़ोसी गणपति के बाद प्रस्थान

परंपरा के मुताबिक, लाल बाग के राजा के पंडाल से बाहर निकालने के पहले पड़ोसी पंडाल के गणेश जिन्हें की गणेश गली के गणपति कहा जाता है, वह बाहर निकलते हैं। माना जाता है कि गणेश गली के गणपति ने ही लालबाग के मछुआरों की एक मन्नत पूरी की थी। इसके बाद लाल बाग के राजा गणेश उत्सव की शुरुआत हुई इसलिए इन दोनों पंडालों के बीच एक विशेष रिश्ता है।



### इलाके का भ्रमण भक्तों को दर्शन

पंडाल से बाहर आने के बाद लाल बाग के राजा अगले तीन से चार घंटे तक इस इलाके में घूमते हैं। श्रद्धालु उनके आगमन का इंतजार करते हैं। इसके बाद वह भायखला के रास्ते गिरगांव चौपाटी के लिए आगे बढ़ते हैं। अनेक ठिकानों पर बड़े-बड़े फूलों के हर से लाल बाग के राजा का स्वागत किया जाता है। लोग अपने परिवार के साथ अपने प्रिय आराध्य देव की एक झलक पाने के लिए सड़क पर घंटों खड़े रहते हैं।

### हिंदुस्तानी मस्जिद में मुसलमान करते हैं स्वागत

लालबाग के राजा से जुड़ी एक दिलचस्प परंपरा यह है कि दो ठिकानों पर मुस्लिम समुदाय की ओर से भी उनका और उनके भक्तों का स्वागत किया जाता है। भायखला स्टेशन के पास हिंदुस्तानी मस्जिद के करीब पहुंचने पर मुस्लिम समुदाय की ओर से मिठाई बांटी जाती है। इसके बाद जब राजा की सवारी दो टाकी के मुस्लिम बहुल इलाके में पहुंचती है। वहां मुस्लिम समुदाय की ओर से भक्तों को शाही शरबत पिलाया जाता है।

### फायर ब्रिगेड की अनोखी सलामी

लालबाग के राजा की सवारी मुंबई फायर ब्रिगेड के मुख्यालय के सामने से गुजरती है तो वहां खड़े सभी फायर इंजन के सायरन बजने लग जाते हैं। उनकी बत्तियां राजा को सलामी देने के लिए जला दी जाती है। सायरन और बत्तियां तब तक चालू रहती हैं, जब तक की लालबाग के राजा की सवारी मुख्यालय के सामने से गुजर ना जाए।

### मछुआरे करते हैं विदा

पुरानी मुंबई की सड़कों से गुजरते हुए रात भर लाल बाग के राजा की सवारी धीमी रफ्तार से आगे बढ़ती है। सुबह 6:00 बजे गिरगांव चौपाटी पर पहुंचने के बाद वहां कोली समुदाय के लोग अपनी नौकाओं में रंग-बिरंगे झंडे लगाकर लाल बाग के राजा को भव्य सलामी देते हैं। इसके बाद मूर्ति को गहरे पानी में ले जाकर विसर्जित कर दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में महिला का मुंह नोचा, बच्चे को किया घायल



**तुमकुरु।** आवारा कुत्तों ने कर्नाटक में आतंक मचाया है। तुमकुरु जिले के गुब्बी कोर्ट परिसर में शनिवार को एक आवारा कुत्ते द्वारा महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। होन्नाली तालुका में आवारा कुत्तों के हमले में चार बच्चे और एक बुजुर्ग घायल हो गए। लोगों में दहशत है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की अपील की है।

### राजबल्लभ ने तेजस्वी की पत्नी को जर्सी गाय कहा



**पटना।** नाबालिग से रेप केस में बरी हुए नवादा से पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव ने विवादित बयान देते हुए तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। उन्होने कहा कि वोट लेने के लिए तेजस्वी यादव जाति की बात करते हैं। लेकिन शादी तो किसी और जाति में की। हरियाणा-पंजाब से कोई जर्सी गाय लाए हैं। इससे आरजेडी भी तमतमाई हुई है।

### फर्जी लोन घोटाले में 5 पर मामला दर्ज



**हरिद्वार।** यहां के ज्वालापुर में फर्जीवाड़े का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें फर्जी विक्रेता और खरीदार बनाकर एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी से 38.58 लाख रुपए का लोन हड़पने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने एक अधिवक्ता समेत 6 नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### जेल में क्लर्क का काम करेंगे प्रज्वल रेवन्ना



**बेगलुरु।** प्रज्वल रेवन्ना परप्पना अग्रहारा जेल में बंद हैं। प्रज्वल रेवन्ना को अपनी दैनिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए हर दिन के 522 रुपए मिलेंगे। बता दें कि जेल के नियमों के अनुसार आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों को किसी न किसी प्रकार का श्रम करना पड़ता है। इसलिए काम दिया है।

### बारिश और बाढ़ का कहर जारी, हिमाचल में अब तक 350 से ज्यादा की मौत



# उत्तराखंड में बादल फटा, पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ प्रभावित

शिमला में 116% और कुल्लू में 113% बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है। पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116% और कुल्लू में 113% बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है। पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के नौगांव में शनिवार शाम को बादल फटा। बाजार और कई घरों में पानी-मलबा घुस गया। सड़क पर खड़ी कई गाड़ियां भी बह गईं। उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना नदी शहर से 1 किमी दूर तक पहुंच गई है। घाट किनारे के आश्रमों में 5 फीट तक पानी भरा है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग पानी में डूबा है।

### गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, अभी राहत के आसार नहीं

**जम्मू श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद, अस्थायी रास्ता बनाया गया**



**राजस्थान के जालोर में आज स्कूलों की छुट्टी घोषित**

### मोदी 9 को बाढ़ प्रभावित पंजाब का दौरा करेंगे



पीएम मोदी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए 9 सितंबर को पंजाब का दौरा करेंगे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब का दौरा किया था। पंजाब में बाढ़ के कारण अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1.75 लाख हेक्टेयर की फसलें बर्बाद हो गई हैं।

### उत्तर प्रदेश : इटावा में यमुना नदी से 7 गांवों में बाढ़

इटावा के चकरनगर क्षेत्र में चंबल और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आ गई है। यमुना चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर 121.66 मीटर तक पहुंच गई है, जो खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। बाढ़ से 7 गांवों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सिद्धनाथ मंदिर और कई प्रमुख मार्ग जलमग्न होकर बंद हो गए हैं।

### जम्मू: कटरा-संगलदान के बीच स्पेशल ट्रेन सर्विस की शुरुआत

लगातार बारिश और फ्लैश फ्लड के कारण जम्मू-कश्मीर रियासी और रामबन में फंसे टूरिस्ट्स को निकालने के लिए रेलवे विभाग ने कटरा और संगलदान के बीच फ्लड स्पेशल लोकल ट्रेन सर्विस शुरू करने का निर्णय लिया है। यह सर्विस 8 सितंबर से 12 सितंबर तक अस्थायी तौर पर चलेगी।

### गुजरात के 7 जिलों में रेड, 18 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

गुजरात में रविवार को कई जिलों के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कच्छ, बनासकांठा, पाटण, मोरबी, वलसाड, दमन, दादर और नगर हवेली शामिल हैं। वहीं, सुरेंद्रनगर, राजकोट, जामनगर, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, दीव, अमरेली, भावनगर, बोटाद, अहमदाबाद, मेहसाणा, गांधीनगर, साबरकांठा, नवसारी, सूरत और तापी में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। राज्य में आज बहुत तेज बारिश का अनुमान है। इसके चलते एनडीआरएफ की 12 और एसडीआरएफ की 20 टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। इधर, वडोदरा में एनडीआरएफ एनडीआरएफ की एक टीम रिजर्व में रखी गई है।

### दिल्ली : यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही

दिल्ली में लगातार बारिश के बाद यमुना नदी लोहे पुल क्षेत्र में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। ड्रोन विजुअल्स में पानी की तेज धार और आसपास के क्षेत्रों की स्थिति दिखाई दे रही है। प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा है।

### मध्यप्रदेश के इंदौर में 787.4 एमएम बारिश दर्ज की गई

एमपी के इंदौर में जिले की बारिश का औसत 38 इंच है। अब तक 787.4 एमएम बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। इंदौर शहर में 870.712 एमएम बारिश हो चुकी है। जिले में सबसे ज्यादा देपालपुर में 1016 एमएम से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का दावा

# कर्नाटक 'मतदाता धोखाधड़ी' मामले में महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहा निर्वाचन आयोग

**क्या चुनाव आयोग भाजपा का ऑफिस बन गया**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने निर्वाचन आयोग पर रविवार को ''अहम जानकारी छिपाने'' का आरोप लगाया और दावा किया कि यह कथित 'वोट चोरी' के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है। खरगे ने 'एक्स' पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें दावा किया गया था कि 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले फॉर्म सात में जालसाजी कर मतदाताओं को हटाने के प्रयास से संबंधित मामला ठंडा पड़ गया है क्योंकि निर्वाचन आयोग ने अब तक आरोपियों को पकड़ने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आंकड़े साझा नहीं किये हैं। निर्वाचन आयोग ने फिलहाल इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन उसने अतीत में कांग्रेस के ऐसे सभी दावों को निराधार बताया था।

### कर्नाटक की अलंद सीट पर गड़बड़ी का मामला

खरगे ने प्रश्न किया, '' क्या निर्वाचन आयोग (ईसीआई) अब भाजपा का 'वोट चोरी' का अड्डा बन गया है? उन्होंने कहा,'' इस घटनाक्रम को समझिए। मई 2023 के कर्नाटक चुनावों से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया था। फॉर्म सात में जालसाजी कर एक बेहद जटिल प्रक्रिया के जरिए हजारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिए गए।'' खरगे ने कहा, ''फरवरी 2023 में एक मामला दर्ज किया गया। जांच में 5,994 जाली आवेदन सामने आए जो मतदाता धोखाधड़ी के बड़े पैमाने पर प्रयास का स्पष्ट प्रमाण था। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया।'' खरगे ने कहा, '' लेकिन दिक्कत यहां है: जहां आयोग ने पहले जालसाजी का पता लगाने के लिए जरूरी दस्तावेजों का एक हिस्सा साझा किया था।

### आयोग ने सबूतों को क्यों छिपाया ?

वहीं अब उसने महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है और 'वोट चोरी' के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है!'' उन्होंने पूछा कि निर्वाचन आयोग ने अचानक महत्वपूर्ण सबूतों को क्यों छिपाया? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, '' आयोग किसे बचा रहा है? भाजपा के 'वोट चोरी' विभाग को? क्या आयोग भाजपा के दबाव में आ रहा है ताकि सीआईडी जांच को पटरी से उतारा जा सके?'' खरगे ने कहा कि व्यक्ति के वोट देने के अधिकार और भारतीय लोकतंत्र की रक्षा की जानी चाहिए।

## पितरों का पिंडदान...



**प्रयागराज।** पितृपक्ष के प्रारंभ होने के साथ ही लोगों ने अपने पितरों का पिंडदान करना प्रारंभ किया।

### एसआईआर के खिलाफ याचिकाओं पर शीर्ष कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के खिलाफ राजनीतिक दलों सहित कई अन्य द्वारा दाखिल याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। निर्वाचन आयोग ने 24 जून को राज्य की मतदाता सूचियों का गहन विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ निर्वाचन आयोग की टिप्पणी पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद), ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और अन्य याचिकाकर्ताओं के जवाब पर विचार करेगी।

# बिहार विस चुनाव : सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन खेमों में सीट बंटवारे की कवायद तेज

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नज़दीक आते जा रहे हैं, सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन – दोनों खेमों में सीट बंटवारे की कवायद तेज हो गई है। एनडीए में जहां चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की मांगों से बातचीत कठिन हो रही है, वहीं विपक्षी महागठबंधन में अब दो और दल जुड़ गए हैं – झारखंड मुक्ति मोर्चा (हेमंत सोरेन) और लोजपा (पशुपति पारस गुट)। महागठबंधन में पहले से ही राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) और वीआईपी मौजूद थे। अब झामुमो और पारस गुट के जुड़ने से दलों की संख्या 8 हो गई है। यानी अब राज्य की 243 विधानसभा सीटों का बंटवारा आठ पार्टियों के बीच करना होगा, जो सहमति तक पहुँचना और भी कठिन बना देगा।

### पारस गुट से पासवान वोट बैंक में सेंध की कोशिश

पशुपतिनाथ पारस स्वर्गीय रामविलास पासवान की छोटे भाई हैं। रामविलास पासवान के बाद छोटे भाई और बेटे मौजूदा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बीच तकरार में पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न पशुपतिनाथ पारस के पास आया था। वे भाजपा के साथ थे। केंद्रीय मंत्री रहे। अब बदली परिस्थित में वे विपक्षी गठबंधन में शामिल हुए हैं। पशुपति पारस को उनके गढ़ खगड़िया अलौली और हाजीपुर सीटें दी जा सकती हैं। वे अलौली से कई बार विधायक रहे हैं। माना जा रहा है कि पारस गुट को 2–3 सीटें मिल सकती हैं, जिन पर वे और उनके बेटे चुनाव लड़ेंगे। महागठबंधन की कोशिश है कि पासवान वोटों में बंटवारा कराया जा सके।

### संघ की राष्ट्रीय समन्वय बैठक का समापन

# संघ ने एसआईआर को बताया पारदर्शी और स्वागत योग्य, घुसपैठ चिंता का विषय

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय समन्वय बैठक का समापन रविवार को हुआ। इससे पहले अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने प्रेसवार्ता कर विभिन्न चर्चाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सभी संगठनों ने अपने-अपने विचार रखे। इसमें पंजाब में बढ़ते मतांतरण एवं नशे की प्रवृति और बंगाल में घुसपैठ पर चिंता जताई । बैठक का समापन संघ प्रमुख मोहन भागवत का उद्बोधन से हुआ। आंबेकर ने एक सवाल के जवाब में चुनाव आयोग की एसआईआर व्यवस्था को पारदर्शी और स्वागत योग्य बताया। उन्होंने बताया कि संघ की कार्यकारी बैठक इस वर्ष अक्टूबर में जबलपुर में होगी।

### जोधपुर में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख बोले

### धर्मांतरण पर जताई चिंता



धर्म के आधार पर कानून क्यों के सवाल पर आंबेकर ने कहा संविधान निर्माताओं ने समान नागरिक संहिता की बात की थी। अब उत्तराखंड में इसकी शुरूआत हुई है। धीरे-धीरे देश इस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनजातिय क्षेत्र में धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त की गई। राजस्थान के वागड में आदिवासियों के राजनीतिक समूह द्वारा उनके हिंदू नहीं होने और देवी-देवताओं के पूजन से दूरी बनाने के आह्वान पर आंबेकर ने कहा कि क्षेत्र चाहे कोई भी हो, ऐसे तत्व अक्सर सक्रिय होते हैं और इन्हें रोकने के लिए संघ के प्रयास लगातार चलते रहे हैं और आगे भी जारी रहेंगे।

### खेल मंत्री मांडविया ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हिस्सा लिया

# 'संडे ऑन साइकिल' में स्वदेशी खेल सामग्री का समर्थन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसकी थीम 'गर्व से स्वदेशी' थी। इस मौके पर मांडविया ने स्वदेशी खेल उपकरण, जिम वियर और जूतों के अलग-अलग स्टॉल का दौरा किया और भारतीय निर्माताओं के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सराहना की। मनसुख मांडविया ने पत्रकारों से कहा कि हमारा घरेलू खेल उद्योग फिटनेस और खेलों को किफायती और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे खुशी है कि पीएम मोदी ने जीएसटी कम कर दी है। इसके साथ ही देश में कई हिस्सों में संडे आन साइकिल का आयोजन किया गया।

### स्वदेशी खेल उपकरण, जिम वियर और जूतों के अलग-अलग स्टॉल का दौरा किया



### साइकिल पर भी जीएसटी घटाकर 5 फीसदी किया

उन्होंने कहा कि साइकिल पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत रह गई है। इसकी कीमत 1,500 रुपए कम हो गई है। साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण है। साइकिलिंग फिटनेस का मंत्र और 'पॉल्युशन का सॉल्यूशन' भी है।

**साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण**

उन्होंने कहा कि साइकिल पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत रह गई है। इसकी कीमत 1,500 रुपए कम हो गई है। साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण है। साइकिलिंग फिटनेस का मंत्र और 'पॉल्युशन का सॉल्यूशन' भी है।

### स्टॉल मालिकों और ब्रांड प्रतिनिधियों ने केंद्र का धन्यवाद किया

केंद्रीय मंत्री का यह दौरा हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों की पृष्ठभूमि में हुआ है, जिसके तहत कई खेल वस्तुओं पर जीएसटी 18-12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। स्टॉल मालिकों और ब्रांड प्रतिनिधियों ने इस राहत के लिए केंद्र सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि कम दरों से उपभोक्ताओं की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है और बिक्री में वृद्धि हुई है।

## चिंतन

# आतंकवाद पर अमेरिका की दोहरी नीति उजागर

अमेरिका अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है। जहां लाभ हो वहां उसके लिए नीति अनीति कोई मायने नहीं रखती। अनेक मौके ऐसे आए हैं जब अमेरिका की आतंकवाद पर दोहरी नीति जगजाहिर हुई है। अब एक बार फिर ऐसा ही हो रहा है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि वॉशिंगटन फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास के साथ बहुत गहन बातचीत कर रहा है। ट्रंप का यह बयान तब आया है, जब इजरायल ने अमेरिका से हमास के कब्जे में अब भी मौजूद अपने बंधकों की रिहाई का आग्रह किया है। हालांकि, ट्रंप का यह ऐलान अमेरिका की कथनी और करनी में अंतर जरूर दिखाता है कि वह आतंकवादियों से बात नहीं करता। कागजों और जुबान से अमेरिका आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देता है। वह कहता है कि आतंकवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत या समझौता नहीं किया जा सकता है। हालांकि अमेरिका ने लगभग दुनिया के हर एक कोने में मौजूद शक्तिशाली आतंकवादी समूहों के साथ संबंध रखे हैं। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी भला कौन भूल सकता है। यह वापसी तालिबान के साथ अमेरिका के समझौते का ही परिणाम था, जिसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कतर की मदद से अंजाम दिया था। दुनिया जानती है कि अमेरिका, तालिबान और हमास के अलावा लेबनान के हिजबुल्लाह, अल कायदा, लश्कर-जैश समेत कई आतंकी संगठनों और समूहों के साथ सीधे संपर्क में रहा है। यह ऐसा देश है जो कई बार आतंकवादी समूहों के सीधे संपर्क में न होकर अपने प्रॉक्सी मिलिशिया या फिर खुफिया एजेंसी सीआईए के जरिए उनसे संबंध बनाए रखता है। अमेरिका पर दुनिया के कई देशों में तख्तापलट, विरोध प्रदर्शन, सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों के समर्थन के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, अमेरिका की नीति भू-राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। जहां उसे फायदा दिखता है, वो वही करता है। आतंवाद के पोषक पाकिस्तान के प्रति भी उसकी नीति हमेशा लचीली रही है। पिछले सात दशक में यह बार-बार साबित हुआ है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान से अमेरिका के रिश्ते अडिग रहे हैं। वह दशकों से पाकिस्तान को दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व के बीच रणनीतिक सहयोगी के रूप में इस्तेमाल करता है। उसे आतंक को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों से भी परहेज नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी पाकिस्तान को आईएमएफ से आर्थिक मदद दिलाने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई है। वैसे भी भारत में आतंकी हमलों पर अमेरिका सरकार की प्रतिक्रिया निंदा करने तक सीमित रही है। पाकिस्तान के सियासी नेताओं और सैन्य अफसरों के भारतीय हमले में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में सार्वजनिक रूप से नजर आना यही बताता है कि पाक में आतंकियों का खुल्लम-खुल्ला इस्तेमाल होता है। पाकिस्तान में खुलेआम रैली कर रहे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्लाह कसूरी की सार्वजनिक उपस्थिति और पहलगाम हमले पर उसकी स्वीकारोक्ति को भी इसी नजरिये से देखे जाने की जरूरत है। यह सब पूरी पूरी दुनिया ने देखा, लेकिन अमेरिका को कुछ भी दिखाई नहीं दिया। ट्रंप उसे अपना सहयोगी बताते हैं। अब समय है जब दुनिया अमेरिका के इस दोहरे रवैये को वैश्विक मंच पर चुनौती देते हुए आत्मनिर्भरता और स्पष्टता का परिचय दे। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई किसी रणनीतिक संतुलन की मोहताज होने के बजाए मानवता के पक्ष में निष्ठावान संकल्प होना चाहिए।



जन्म जयंती

नरेंद्र मोदी

# मां भारती के सच्चे उपासक थे भूपेन दा

भूपेन दा के रूप में असम से एक ऐसी आवाज़ निकली जो किसी कालजयी नदी की तरह बहती रही। भूपेन दा सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आवाज आज भी हमारे बीच है। वो आवाज आज भी सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। उसमें मानवता का स्पर्श है। भूपेन दा ने दुनिया का भ्रमण किया, समाज के हर वर्ग के लोगों से मिले, लेकिन वे असम में अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहे। असम की समृद्ध मौखिक परंपराएं, लोकधुनें और सामुदायिक कहानी कहने के तरीकों ने उनके बचपन को गढ़ा। यही अनुभव उनकी कलात्मक भाषा की नींव बने। उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण, दादा साहेब फाल्के अवार्ड समेत कई सम्मान मिले। 2019 में उन्हें भारत रत्न मिला।

भारतीय संस्कृति और संगीत से लगाव रखने वालों के लिए आज 8 सितंबर का दिन बहुत खास है। विशेषकर इस दिन के साथ असम के मेरे भाइयों और बहनों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। आज भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म जयंती है। वे भारत की सबसे असाधारण और सबसे भावुक आवाज़ों में से एक थे। ये बहुत सुखद है कि इस वर्ष उनके जन्म शताब्दी वर्ष का आरंभ हो रहा है। यह भारतीय कला-जगत और जन-चेतना की दिशा में उनके महान योगदानों को फिर से याद करने का समय है। भूपेन दा ने हमें संगीत से कहीं अधिक दिया। उनके संगीत में ऐसी भावनाएं थीं जो धुन से भी आगे जाती थीं। वे केवल एक गायक नहीं थे, वे लोगों की धड़कन थे। कई पीढ़ियां उनके गीत सुनते हुए बड़ी हुईं। उनके गीतों में हमेशा करुणा, सामाजिक न्याय, एकता और गहरी आत्मीयता की गूंज है।

भूपेन दा के रूप में असम से एक ऐसी आवाज़ निकली जो किसी कालजयी नदी की तरह बहती रही। भूपेन दा सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आवाज आज भी हमारे बीच है। वो आवाज आज भी सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। उसमें मानवता का स्पर्श है। भूपेन दा ने दुनिया का भ्रमण किया, समाज के हर वर्ग के लोगों से मिले, लेकिन वे असम में अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहे। असम की समृद्ध मौखिक परंपराएं, लोकधुनें और सामुदायिक कहानी कहने के तरीकों ने उनके बचपन को गढ़ा। यही अनुभव उनकी कलात्मक भाषा की नींव बने। वे असम की आदिवासी पहचान और लोगों के सरोकार को हर समय साथ लेकर चले। बहुत छोटी उम्र से उनकी प्रतिभा लोगों को नजर आने लगी। केवल पांच वर्ष की उम्र में उन्होंने सार्वजनिक मंच पर गाया। वहां लक्ष्मीनाथ बेझबरुआ जैसे असमिया साहित्य के अग्रदूत ने उनके कौशल को पहचाना। किशोरावस्था तक पहुंचते-पहुंचते उन्होंने अपना पहला गीत रिकॉर्ड कर लिया। लेकिन संगीत उनके व्यक्तित्व का सिर्फ एक पहलू था। भूपेन दा भीतर से एक बौद्धिक व्यक्तित्व थे। जिज्ञासु, साफ बोलने वाले, दुनिया को समझने की अटूट चाह रखने वाले। ज्योति प्रसाद अग्रवाला और विष्णु प्रसाद रभा जैसे सांस्कृतिक दिग्गजों ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला, और उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया। सीखने की यही लगन उन्हें कॉटन कॉलेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय तक ले गई। वो बीएचयू में राजनीति शास्त्र के छात्र थे, लेकिन उनका अधिकतर समय संगीत साधना में बीतता था। बनारस ने उन्हें पूरी तरह संगीत की तरफ मोड़ दिया। काशी का सांसद होने के नाते मैं उनकी जीवन यात्रा से एक जुड़ाव महसूस करता हूं, और मुझे बहुत गर्व होता है। काशी से आगे बढ़ी जीवन यात्रा में फिर उन्होंने अमेरिका में कुछ समय बिताया। वहां उन्होंने अपने समय के नामचीन विद्वानों, विचारकों और संगीतकारों से संवाद किया। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला एलेनॉर रूजवेल्ट ने भारतीय लोकसंगीत प्रस्तुतियों के लिए उन्हें गोल्ड मेडल भी दिया। भूपेन हजारिका, संगीत के साथ ही मां भारती के भी सच्चे उपासक थे। भूपेन दा के पास अमेरिका में रहने का विकल्प था,लेकिन वे भारत लौट आए और संगीत साधना में डूब गए। रेडियो से लेकर रंगमंच तक, फिल्मों से लेकर एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्री तक, हर माध्यम में वे पारंगत थे। जहां भी गए, नई प्रतिभाओं को समर्थन दिया।



भूपेन दा की रचनाएं काव्यात्मक सौंदर्य से भरी रहीं, और साथ-साथ उन्होंने सामाजिक संदेश भी दिए। गरीबों को न्याय, ग्रामीण विकास, आम नागरिक की ताकत, ऐसे अनेक विषय उन्होंने उठाए। उनके गीतों ने नाविकों, चाय बागान के मजदूरों, महिलाओं, किसानों की आकांक्षाओं को आवाज़ दी। उनकी रचनाएं लोगों को पुरानी स्मृतियों में ले जाती थीं। साथ ही, उन्होंने आधुनिकता को देखने का एक सशक्त नजरिया भी दिया। बहुत से लोग, खासकर सामाजिक रूप से वंचित तबकों के लोग, उनके संगीत से शक्ति और आशा पाते रहे...और आज भी पा रहे हैं। भूपेन दा की जीवन यात्रा में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना का स्पष्ट प्रभाव दिखता है। उनकी रचनाओं ने भाषा और क्षेत्र की सीमाएं तोड़कर एकजुट किया। उन्होंने असमिया, बांग्ला और हिन्दी फिल्मों के लिए संगीत रचा। उनकी आवाज में जो पीड़ा थी, वो बरबस हम सभी का ध्यान खींच लेती थी। 'दिल हूम हूम करे' में जो पीड़ा बहती है, वो सीधे दिल की गहराइयों को छू लेती है। और जब वे पूछते हैं, 'गंगा बहती है क्यूं', तो ऐसा लगता है मानो हर आत्मा को झकझोर कर जवाब मांग रहे हों। उन्होंने पूरे भारत के सामने असम को सुनाया, दिखाया, महसूस कराया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि आधुनिक असम की सांस्कृतिक पहचान को गढ़ने में उनका बड़ा योगदान रहा। असम के भीतर और दुनिया भर के असमिया प्रवासियों, दोनों के लिए वो असम की आवाज बने। भूपेन दा राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे, फिर भी जनसेवा की दुनिया से जुड़े रहे। 1967 में वे असम के नौबोइचा से निर्दलीय विधायक चुने गए। यह दिखाता है कि लोगों को उन पर कितना गहरा विश्वास था। उन्होंने राजनीति को अपना करियर नहीं बनाया, लेकिन हमेशा लोगों की सेवा में जुटे रहे। भारत की जनता और भारत सरकार ने उनके योगदान का सम्मान किया। उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण, दादासाहेब फाल्के अवार्ड समेत कई सम्मान मिले। 2019 में हमारे कार्यकाल के दौरान उन्हें भारत रत्न मिला। यह मेरे लिए और एनडीए सरकार के लिए भी सम्मान की बात थी। दुनिया भर में, खासकर असम और उत्तर-पूर्व के लोगों ने, इस अवसर पर खुशी जताई। यह उन सिद्धांतों का सम्मान था, जिन्हें भूपेन दा दिल से मानते थे। वो कहते थे किसच्चाई से निकला संगीत किसी एक दायरे में सिमट कर नहीं रहता।

एक गीत लोगों के सपनों को पंख लगा सकता है, और दुनिया भर के दिलों को छू सकता है। मुझे 2011 का वह समय याद है जब भूपेन दा का निधन हुआ। मैंने टीवी पर देखा, उनके अंतिम संस्कार में लाखों लोग पहुंचे। हर आंख नम थी। जीवन की तरह, मृत्यु में भी उन्होंने लोगों को साथ ला दिया। इसलिए उन्हें जलुकबाड़ी की पहाड़ी पर ब्रह्मपुत्र की ओर देखते हुए अंतिम विदाई दी गई, वही नदी जो उनके संगीत, उनके प्रतीकों और उनकी स्मृतियों की जीवनरेखा रही है। अब ये देखना बहुत सुखद है कि असम सरकार भूपेन हजारिका कल्चरल ट्रस्ट के कार्यों को बढ़ावा दे रही है। भूपेन दा की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के लिए देश के सबसे बड़े पुल को भूपेन हजारिका सेतु नाम दिया गया। भूपेन हजारिका का जीवन हमें करुणा की शक्ति का एहसास कराता है। लोगों को सुनने और अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की सीख देता है। वह हमें विविधता में एकता पर भरोसा करने के लिए प्रेरित करता है। भारत भूपेन हजारिका जैसे रत्न से धन्य है। जब हम उनके शताब्दी वर्ष का आरंभ कर रहे हैं, तो आइए यह संकल्प लें कि उनके संदेश को दूर-दूर तक पहुंचाएंगे। यह संकल्प हमें संगीत, कला और संस्कृति के लिए और काम करने की प्रेरणा दे, नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करे, भारत में सृजनात्मकता और कलात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

श्राद्ध पक्ष

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# पंचग्रास में समाहित है संपूर्ण चराचर जगत का कल्याण

पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा भले ही हमारे यहां श्राद्ध पक्ष के सोलह श्राद्धों के माध्यम से आदि काल से चली आ रही हो पर दुनिया के लगभग सभी धर्मावलंबियों और देशों में किसी ना किसी रूप में पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा अनवरत काल से चली आ रही है। हालांकि हमारे देश के ही कुछ प्रतिक्रियावादी लोग श्राद्ध और श्राद्ध कर्म को लेकर मखौल उड़ाने में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ते पर वह यह भूल जाते हैं कि धरती के साक्षात देवता हमारे जन्मदाता माता-पिता हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि माता-पिता के अस्तित्व को लेकर कोई किसी तरह का प्रश्न चिन्ह नहीं उठा सकता। उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। माता-पिता की यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी उनके स्मरण का हमारा दायित्व हो जाता है। पितृपक्ष और मातृपक्ष दोनों ही पीढ़ियों के स्मरण और श्रद्धा या यों कहें कि श्राद्ध स्वरूप भोजन, वस्त्र, जल आदि पत्र पुष्प के माध्यम से सम्मान स्वरूप स्मरण किया जाता है। श्राद्ध स्वरूप ब्राह्मणों को भोजन कराने और इसी तरह की अन्य व्यवस्थाओं के साथ जुड़ी पंच ग्रास की परंपरा का आलोचकों को ज्ञान ही नहीं होता। श्राद्ध निमित्त ब्राह्मण भोजन से पहले पंच ग्रास का विधान है। पंचग्रास के पीछे के रहस्य को समझना भी आवश्यक हो जाता है। पंचग्रास में गोग्रास, श्वान ग्रास, कोए को ग्रास, चिंटी आदि को ग्रास और अभ्यागत ग्रास इस तरह से पंच ग्रास का विधान है। अब इसी से समझ सकते हैं कि इस पंच ग्रास में प्रकृति का कोई पक्ष शेष नहीं रह जाता है। पंच ग्रास से अर्थ मात्र औपचारिकता से नहीं लिया जाना चाहिए। हमारी शाश्वत परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति पर तीन ऋण होते हैं और उनमें से पहला ऋण देव ऋण है तो दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा ऋण पितृ ऋण है। प्रत्येक जन्म लेने वाले व्यक्ति को इन तीनों ऋणों से उऋण होने की शिक्षा दी जाती है तो यह उसका दायित्व भी हो जाता है। देव ऋण में सृष्टि के नियंता का स्मरण और उसके प्रति आभार प्रकट करना है। इसके लिए भजन-पूजन, स्मरण, सदाचरण आदि की बात है। प्रकृति को विकृति से बचाना हमारी जिम्मेदारी होती है और प्रकृति व मानवमात्र के कल्याण की बात करना ही देव ऋण से उऋण होने का एक तरीका है। इसी तरह से हमको शिक्षा प्रदान करने वाले गुरु परंपरा का मान-सम्मान और ज्ञान की इस परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना ही गुरु ऋण से उऋण होने का एक तरीका हो सकता है। जहां तक पितृ ऋण से उऋण होने का प्रश्न है तो इसका भी आसान रास्ता बताया गया है और वह बच्चे होते ही पूरी होना शुरू हो जाती है। इन बच्चों की शिक्षा और संस्कारित करना और शादी विवाह आदि जिम्मेदारियों का निर्वहन तो आता ही है।

यही कारण है कि पौत्र-प्रपौत्र या नाती-नातियों को देखना और पौत्र होने पर सोने की सीढ़ी चढ़ना आदि इसी ओर इशारा करता है कि हमारे कुल परंपरा में पूर्वजों के श्राद्ध यानी स्मरण करने वाली पीढ़ी हो गई है। कभी मृत्यु के बाद बारह दिन के संस्कारों को देखने या फिर बारहवें दिन की सपीण्डी क्रिया देखने का अवसर मिले तो कई बातें साफ हो जाती हैं। सपीण्डी में तीन पितृ पक्ष और तीन मातृ पक्ष के पूर्वजों के स्मरण, पूजा आदि के बाद जब सभी को एकाकार कर दिया जाता है तो उसे सपीण्डी कहा जाता है। हमारी शाश्वत परंपरा में व महाभारत व अन्य पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख आता है कि महर्षि अत्रि ने सबसे पहले निमि को श्राद्ध का उपदेश दिया और महर्षि निमि ने सबसे पहले अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध कर्म किया। श्राद्ध कर्म में अग्नि को भी खास महत्व दिया गया है और यह माना जाता है कि अग्नि देव के माध्यम से श्राद्ध पूर्वजों को अर्पित किया जाता है। शास्त्राचार व लोकाचार में एक बात पर अवश्य जोर दिया गया है कि हमारे पूर्वज श्राद्ध के दिन पुत्री पक्ष की उपस्थिति से अधिक प्रसन्न होते हैं। इसमें श्राद्ध भोजन कि निमित्त या अवसर पर दोयते-दोयती, भांजें-भांजी को भोजन कराना अत्यधिक फलदायक बताया गया है। यह साफ हो जाना चाहिए कि श्राद्ध, श्राद्ध पक्ष और श्राद्ध कर्म के पीछे हमारे पूर्वजों की गहन सोच है। यह मात्र औपचारिकता या ब्राह्मण भोजन तक सीमित नहीं है तो भोजन कराने से पूर्वजों तक भोजन पहुंचने को लेकर मजाक उड़ाने वालों को बहुत कुछ समझने और उसके मूल को समझना होगा। यदि यह ढकोसला होता तो चीन में छिंग-मिंग, जापान में ओबोन, बौद्ध देशों में घूस्ट फेस्टिवल या योरोपीय देशों में टेसेंट या आल सेंट्स डे आदि नहीं होते। इन सबसे भी इतर हमें हमारे जन्मदाताओं के प्रति कृतज्ञता तो व्यक्त करना हमारा दायित्व हो जाता है और यही तो हम श्राद्ध कर्म के माध्यम से करते हैं। बस श्राद्ध में श्रद्धा का जो महत्व है उसकी पालना हमें करनी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत



संकलित

दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित

प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। *– विवेक शर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



महान संत, दार्शनिक और सुधारक श्री नारायण गुरु की जयंती पर नमन करता हूँ, उन्होंने अपना जीवन सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए समर्पित कर दिया। उनका शाश्वत संदेश आज भी भारत को सामंजस्यपूर्ण समाज की ओर ले जा रहा है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### राहत सामग्री रवाना




राहत सामग्रियों से भरे 52 ट्रक आज दिल्ली से पंजाब के भाई-बहनों के लिए रवाना किए गए हैं। पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दिल्ली सरकार द्वारा 5 करोड़ की सहयोग राशि भी प्रदान की गई है। पंजाब की पीड़ा, दिल्ली की पीड़ा है। संकट की इस घड़ी में हम सब एक परिवार की तरह खड़े हैं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### सहयोग राशि जारी



उत्तराखंड में भीषण बाढ़ से उत्पन्न विकट स्थिति तथा उससे हुई जन-धन की क्षति अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। इस कठिन घड़ी में राजस्थान सरकार द्वारा तात्कालिक राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सहयोग हेतु 5 करोड़ की राशि प्रेषित की है।
**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### कार्यकर्ता भाव



दिल्ली में आयोजित सांसद कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पंक्ति में बैठकर यह संदेश दिया कि भारतीय जनता पार्टी में पद से बड़ा कार्यकर्ता भाव है। उनकी सादगी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।
**- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर

# दीपावली उत्सव में मणिपुर की सांस्कृतिक प्रस्तुति



मणिपुर के एक सांस्कृतिक दल ने सिंगापुर में शनिवार को लिटिल इंडिया परिसर में वार्षिक कार्यक्रम 'दीपावली लाइट अप' में प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम तथा विविध समूहों के 700 प्रतिभागियों ने शिरकत की और इसी के साथ देश में दो महीने तक चलने वाले दीपों के इस त्योहार की शुरुआत हुई। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को कहा, 'भारत से मणिपुरी सांस्कृतिक दल ने समारोह में भाग लिया और मणिपुर की कलाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।' इस मंडली को भारतीय उच्चायोग (सिंगापुर) ने आमंत्रित किया था और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने इसे पूरा सहयोग दिया। उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने भी दीपावली प्रकाश समारोह में भाग लिया। मणिपुर का यह सांस्कृतिक दल रविवार दोपहर को 'टैम्पाइन्स हब' के फेस्टिव प्लाजा में भी प्रस्तुति देगा। 'लिटिल इंडिया' को सिंगापुर के 60वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के तौरपर 600,000 एलईडी लाइटों से सजाया गया है। यह इलाका दो किलोमीटर तक फैला हुआ है। सिंगापुरवासी 20 अक्टूबर को दीपावली मनाएंगे और उस दिन यहां आधिकारिक अवकाश रहेगा।

## ऑफ बीट

# जलवायु संकट को लेकर युद्ध के बारे में सोच बदलें

पृथ्वी का औसत तापमान 2024 में पहली बार पूर्व–औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ गया, जो जलवायु संकट की एक महत्वपूर्ण



सीमा है। साथ ही, यूक्रेन, गाजा, सूडान और अन्य जगहों पर व्यापक स्तर पर सशस्त्र संघर्ष जारी है। युद्ध और जलवायु परिवर्तन के बीच का संबंध जटिल है। लेकिन यहां तीन कारण दिये गए हैं कि जलवायु संकट को युद्ध के बारे में हमारी सोच को क्यों बदलना चाहिए। 1. युद्ध जलवायु परिवर्तन को बढ़ाता है। युद्ध की अंतर्निहित विनाशकारी क्षमता ने लंबे समय से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। 2. जलवायु परिवर्तन के लिए सैन्य प्रतिक्रिया की आवश्यकता। जलवायु पर युद्ध के प्रभाव के सामने आने से पहले, शोधकर्ताओं ने इस बात पर बहस की थी कि क्या जलवायु संकट ''खतरे को बढ़ाने वाला" एक कारक बन सकता है? इस कारण कुछ लोगों ने यह तर्क दिया है कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के उन हिस्सों में हिंसा के जोखिम को और बढ़ा सकता हैं। 3. सशस्त्र बलों को अनुकूलन करना होगा भू–राजनीतिक तनाव और संघर्ष बढ़ने के साथ, यह असंभव प्रतीत होता है कि विसैन्यीकरण की मांग जल्द ही पूरी होगी। इस बात पर पुनर्विचार करना होगा कि एक ऐसे विश्व में सैन्य बल का प्रयोग कैसे किया जा सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत ने कब्जाया एशिया कप

- हॉकी में कोरिया को 4-1 से हराया, विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया
- दिलप्रीत ने दो गोल दागकर जीता दिल, आठ साल बाद जीत ली ट्रॉफी
- कोरिया के बाद दूसरी सबसे सफल टीम, टूर्नामेंट के 5 मैच जीते, 1 ड्रा

**राजगीर (भाषा)।** दिलप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गत चैम्पियन दक्षिण कोरिया को रविवार को फाइनल में 4-1 से हराकर 8 साल बाद एशिया कप खिताब जीता और अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। भारत ने चौथी बार एशिया कप खिताब जीता है व इसके साथ ही वह 5 बार की चैम्पियन कोरिया के बाद टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल टीम बन गई। भारत ने इससे पहले 2003 (कुआलालंपुर), 2007 (चेन्नई) और आखिरी बार 2017 (ढाका) में एशिया कप जीता था। दक्षिण कोरिया ने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में खिताब जीता है। इसके साथ ही भारत ने अगले विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया जो 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है। भारत ने अब तक सिर्फ एक बार 1975 में कुआलालंपुर विश्व कप जीता है। खचाखच भरे राजगीर खेल परिसर में भारत के लिए सुखजीत सिंह ने पहले ही मिनट में गोल दागा जबकि दिलप्रीत ने 28वें और 45वें मिनट में गोल किए। अमित रोहिदास ने 50वें मिनट में चौथा गोल दागा। वहीं, पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया के लिये एकमात्र गोल 51वें मिनट में डेन सोन ने किया। भारत ने टूर्नामेंट में पांच जीत दर्ज की और एक ड्रॉ खेला।

*भारत के लिए पहला गोल 30वें सेकंड में सुखजीत ने दागा। कप्तान हरमनप्रीत ने बाएं फ्लैंक से शानदार प्रदर्शन करते हुए सुखजीत को गेंद सौंपी, जिसने बाएं कार्नर पर से रिवर्स हिट लगाकर गेंद को गोल के भीतर डाला। दिलप्रीत आठवें मिनट में गोल करने के करीब पहुंचे।*



**हरमनप्रीत की कप्तानी वाली टीम ने अपने तीनों पूल मैच जीते**

**सुपर 4 चरण में मलेशिया को 4-1 व चीन को 7-0 से हराया**

**कोरिया से मैच 2- 2 से ड्रॉ रहा**

**पहले ही सेकंड से भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की**


**भारत का डिफेंस, मिडफील्ड व फॉरवर्ड पंक्ति के बीच कमाल का तालमेल था और एक ईकाई के रूप में विरोधी गोल पर कई हमले बोले**

**कोरियाई टीम रक्षात्मक खेल दिखाती नजर आई जो उस पर भारी पड़ा**

**पहले दो क्वार्टर में भारतीय डिफेंस को भेदने में कामयाबी नहीं मिली**

**भारतीय आक्रामक पंक्ति ने कोरियाई डिफेंस को पूरे मैच में दबाव में रखा**

भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर 44वें मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की कोशिश पहले रशर ने नाकाम कर दी। तीसरे क्वार्टर के आखिर में दिलप्रीत ने भारत के लिए एक और गोल किया। हरमनप्रीत ने फ्री हिट पर राजकुमार को पास दिया, जिन्होंने दिलप्रीत को गेंद सौंपी और उन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की।




## बधाइयों का लगा तांता

**दक्षिण** कोरिया को फाइनल में हराकर चौथी बार एशिया कप खिताब जीतने और विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने के साथ ही भारतीय पुरूष हॉकी टीम को सोशल मीडिया पर बधाई का तांता लग गया। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने इसके साथ ही अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया।

**केंद्रीय** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'अद्भुत प्रदर्शन। राजगीर, बिहार में आयोजित एशिया कप हॉकी के फाइनल में कोरिया को 4-1 से हराकर चैंपियन का खिताब जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम को बहुत-बहुत बधाई।' 'आप सभी ने पूरे एशिया कप में उत्कृष्ट खेल का उदाहरण पेश किया, सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**हॉकी** इंडिया ने भी चौथी बार इस खिताब जीतने पर अपनी टीम को बधाई दी। हॉकी इंडिया ने लिखा, ' एशिया के चैंपियन। हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 में भारत का दबदबा रहा और एक शानदार अभियान के साथ भारत ने अपना चौथा एशिया कप खिताब जीता।"

**हॉकी** इंडिया के अध्यक्ष और भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी दिलीप टिर्की ने इसे भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा करार देते हुए 'एक्स' पर लिखा, "एशिया कप 2025 जीतने पर टीम इंडिया को बधाई। यह देश के लिए गर्व का क्षण है और हॉकी खिलाड़ियों की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा है।"

**भारतीय** हॉकी टीम के प्रायोजक ओडिशा के मुख्यमंत्री चरण मांझी ने इस जीत को देश का गौरव बढ़ाने वाला करार दिया। ® मांझी ने 'एक्स' पर लिखा, " राजगीर, बिहार में हीरो एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम को उनकी शानदार जीत पर हार्दिक बधाई। कोरिया पर 4-1 की शानदार जीत के साथ टीम ने देश का गौरव बढ़ाया है।"

## खबर संक्षेप



### पुर्तगाल ने आर्मेनिया को हराया, रोनाल्डो के दो गोल

**मैनचेस्टर।** रिकॉर्ड छठी बार फुटबॉल विश्व कप में खेलने की कवायद में लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोनाल्डो ने इस तरह से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के अपने रिकार्ड को 140 पर पहुंचा दिया है। विश्व कप अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जाएगा और अगर रोनाल्डो इसमें भाग लेते हैं तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक कई खिलाड़ी पांच विश्व कप में खेल चुके हैं लेकिन छह बार इसमें भाग लेना नया रिकॉर्ड होगा। इस बीच इंग्लैंड ने विला पार्क में अंडोरा के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

### एएफसी अंडर-23 में कतर से हारा भारत



**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच के अपने दूसरे मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बाद मेजबान कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल हाशमी मोहियालदीन (18वें मिनट) ने कतर को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी, लेकिन मुहम्मद सुहैल (52वें मिनट) ने बराबरी का गोल दाग दिया। जसीम अल शरशानी (67वें मिनट) के पेनल्टी पर किए गए गोल ने खेले गए मैच में कतर के लिए तीन अंक सुनिश्चित कर दिए। पिछले मैच में बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत से उत्साहित भारत ने अच्छी शुरुआत की। सुहैल को शुरुआत में ही मौका मिल गया, जहां दूसरे मिनट में ही उन्होंने बॉक्स के बाहर से शॉट मारा लेकिन गेंद क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई।

## यूएस ओपन: महिला एकल में एरिना ने अमांडा को हराया

# सबालेंका दूसरी बार चैंपियन गिराया रैकेट, बिखेरी मुस्कान

एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। सबालेंका जब खिताब से दो अंक दूर थीं, तब उन्होंने एक ऐसा ओवरहेड स्मैश लगाया, जो आसान शॉट होना चाहिए था लेकिन उन्होंने उसे नेट में उलझा दिया, जिससे अनिसिमोवा को ब्रेक का मौका मिल गया।

- फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी

सबालेंका ने आखिर में 6-3, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस तरह से उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी। सबालेंका ने जीत हासिल करने के बाद कोर्ट पर अपना रैकेट गिरा दिया और मुस्कान बिखेर दी।

### एरिना ने बनाया रिकॉर्ड

मैंने खुद से कहा कि चलो ठीक है ऐसा होता है। यह बीती बात है और अब अगले अंक पर ध्यान दो। 'सबालेंका पिछले 11 वर्षों में पहली महिला खिलाड़ी बन गई है, जिन्होंने अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले यह कारनामा सेरेना विलियम्स ने किया था। वह 2012 से लेकर 2014 तक लगातार तीन बार चैंपियन बनी थी।



### लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम हारी अमांडा

अमांडा को लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह जुलाई में विंबलडन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी। उस मैच में वह एक भी गेम नहीं जीत पाई थी लेकिन उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने सबालेंका की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं वास्तव में उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। वह कड़ी मेहनत करती है और इसी लिए आज इस मुकाम पर हैं। मुझे भी मौके मिले थे लेकिन मैं उन्हें नहीं भुना सकी।




**जीता अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब**

### सबालेंका को मिली 44.09 करोड़ की प्राइज मनी

एरिना सबालेंका को यूएस ओपन का खिताब जीतने पर प्राइज मनी के तौर पर 50 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली है। यानि भारतीय करेंसी के अनुसार देखें तो उनको खिताब जीतने पर 44.09 करोड़ रुपए की रकम मिली। अब सबालेंका के यूएस ओपन जीतने की प्राइज मनी की तुलना अगर क्रिकेट के आगामी एशिया कप और आईपीएल 2025 सीजन से की जाए तो थोड़ी नहीं बल्कि बहुत अधिक है। यहां तक कि वीमंस वर्ल्ड कप 2025 की राशि से भी अधिक एरिना को मिले। यूएस ओपन की रनरअप एमांडा को 22 करोड़ रुपए से अधिक मिले।

## इवानोव और वेंड्रोमे बने जूनियर चैंपियन

जेलिन वेंड्रोमे और इवान इवानोव ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों और लड़कों के वर्ग के खिताब जीते। वेंड्रोमे ने लड़कियों के वर्ग में स्वीडिश क्वालीफायर ली निल्सन को 7-6 (2), 6-2 से हराया। उन्होंने शुरू में पिछड़ने के बाद पहला सेट टाई ब्रेक में जीता लेकिन दूसरा सेट जीतने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। लड़कों के वर्ग में मौजूदा विंबलडन चैंपियन इवानोव ने बुल्गारिया के अपने हमवतन अलेक्जेंडर वासिलिव को 7-5, 6-3 से हराया। जूनियर युगल वर्ग में एलेना कोवाकोवा और जना कोवाकोवा बहनों ने वेंड्रोमे और उनकी जोड़ीदार लाइमा व्लाडसन को हराया। कीटन हेंस और जैक कैनेडी ने नोआह जॉनस्टन और बेंजामिन विलवर्थ को हराकर लड़कों का खिताब जीता।

## ग्रैनोलर्स और जेबालोस ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस अमेरिकी ओपन पुरुष युगल चैंपियनशिप के फाइनल में हारने से बस एक अंक दूर थे लेकिन उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और कुछ ही पल बाद वे चैंपियन बन गए। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर सत्र का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। ग्रैनोलर्स ने कहा, 'टेनिस कभी-कभी पागलपन भरा होता है, क्योंकि हम यहां तक बात कर रहे थे कि आप मैच हारने के कितने करीब थे और फिर 20 मिनट में आप ट्रॉफी जीत लेते हैं।' इस पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था।



## विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराया

# तीरंदाजी में भारत ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड, मिश्रित टीम को सिल्वर

एजेंसी ▸▸| ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)

भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा और इस तरह से महिला टीम को मिली निराशा को दूर कर दिया, जो आठ साल में पहली बार पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रही। व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रहने वाले ऋषभ यादव ने भी मिश्रित टीम स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ रजत पदक जीतकर वापसी की। महिला वर्ग में निराशा हाथ लगी क्योंकि टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई और 2017 से लगातार पदक जीतने का उसका अभियान समाप्त हो गया। तेईस वर्षीय ऋषभ ने अमन सैनी और प्रथमेश फुगे के साथ मिलकर भारत को पुरुष कंपाउंड टीम के खिताबी मुकाबले में फ्रांस पर 235-233 से रोमांचक जीत दिलाई।




### भारत ने दबाव में दिखाया धैर्य

फ्रांस ने निकोलस गिराडं, जीन फिलिप बौल्च और फ्रेंकोइस डुबोइस को मैदान में उतारा, लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी उल्लेखनीय धैर्य दिखाया। इसका श्रेय फुगे को जाना चाहिए, जो क्वालीफायर में 19वें और भारतीय खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर रहे थे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले चरण में 9-9 का स्कोर बनाया लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह परफेक्ट 10 लगाए।

### अंतिम चरण में लड़खड़ाई फ्रांस टीम

पहले चरण के बाद भारत 57-59 से पीछे था, लेकिन दूसरे चरण में उसने छह 10-10 के साथ वापसी करते हुए स्कोर 117-117 पर बराबर कर दिया। तीसरे चरण में दोनों टीमों ने 59-59 अंक बनाए, जिससे स्कोर 176-176 से बराबर रहा। अंतिम चरण में फ्रांस की टीम लड़खड़ा गई और भारत स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचने में सफल रहा। भारत ने फाइनल तक के अपने सफर में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और तुर्की पर प्रभावशाली जीत दर्ज की थी।

### *मिक्सड में भारत का 2021 के बाद पहला पदक*

*इससे पहले दिन में यादव और ज्योति को मिश्रित टीम फाइनल में नीदरलैंड के विश्व नंबर एक माइक श्लोएसर और साने डे लाट की जोड़ी से 155-157 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले चरण के बाद एक अंक की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे चरण में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वे 76-77 से पीछे हो गए। नीदरलैंड की जोड़ी ने इसके बाद भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और छह 10 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत का इस स्पर्धा में 2021 के बाद यह पहला पदक है। दो साल पहले बर्लिन में उसे पदक नहीं मिला था।*

# कायरन पोलार्ड ने 18 गेंद में उड़ाए 54 रन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज में जारी कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के 23वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को गयाना अमेजन वॉरियर्स के सामने तीन विकेट से करारी हार मिली। नाइट राइडर्स के लिए कायरन पोलार्ड ने अंत में 18 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के से 54 रन की तूफानी पारी खेली। इससे उनकी टीम ने 167 रन बनाए लेकिन इसके जवाब में गयाना के लिए शे हॉप (53) और शिमरोन हेटमायर (49) ने ताबड़तोड़ बैटिंग का नजारा पेश किया। इससे गयाना की टीम ने सात विकेट पर 168 रन बनाने के साथ तीन विकेट से एक गेंद पहले जीत दर्ज कर ली।



### प्रिटोरियस ने दिलाई जीत

वहीं 168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गयाना के बहे 14 रन पर दो विकेट गिर गए थे। लेकिन नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने वाले शे हॉप ने 46 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से 53 रन बनाए तो शिमरोन हेटमायर ने 30 गेंद में दो चौके और चार छक्के से 49 रन की पारी खेली। इसके बाद रही सही कसर अंत में ड्वेन प्रिटोरियस ने पूरी करते हुए 14 गेंद में तीन छक्के से 26 रन नाबाद बनाकर पूरी कर दी।

जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी ली

# जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया: पार्टी को टूटने से बचाने के लिए पद छोड़ा, बहुमत खोने के बाद इशिबा को हटाने की मांग हुई थी तेज

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए ये कदम उठाया है। उन्होंने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए अपनी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद पद छोड़ने की मंशा जाहिर की। कहा जा रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से इस मामले में उन्होंने शनिवार को मुलाकात की थी। सुगा ने उन्हें इस्तीफे की सलाह दी थी। अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले इशिबा ने अपनी ही पार्टी के भीतर अधिकतर दक्षिणपंथी विरोधियों की मांगों को एक महीने से अधिक समय तक नजरंदाज किया। इशिबा का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी नेतृत्व चुनाव कराने को लेकर एक निर्णय करने वाली है। यदि इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह उनके खिलाफ एक प्रकार का अविश्वास प्रस्ताव होगा।

पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद लिया निर्णय



### अमेरिकी टैरिफ से जनता नाराज थी

यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ी और अमेरिका के टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता थी। खबरों के मुताबिक इन मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ नाराजगी देखी गई। चुनाव में हार के बावजूद प्रधानमंत्री इशिबा ने साफ कहा कि वह देश के लिए काम करते रहेंगे और अमेरिका के टैरिफ जैसे मुद्दों से निपटने की कोशिश करेंगे। हालांकि पिछले तीन प्रधानमंत्रियों ने जब उच्च सदन में बहुमत खोया था, तो उन्होंने दो महीनों के भीतर इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में इशिबा पर भी दबाव बढ़ा।

## इस्तीफा देने को मजबूर हुए इशिबा

*जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए उनकी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद इस्तीफा देने को मजबूर हो गए। जापान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री रविवार को देर शाम संवाददाता सम्मेलन कर सकते हैं। इशिबा पार्टी में और फूट न हो, इसके लिए पद से इस्तीफा देने का मन बनाया। जुलाई में, इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन को 248 सदस्यीय उच्च सदन में संसदीय चुनाव में बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिससे उनकी सरकार की स्थिरता और अधिक कमजोर हो गई। यह फैसला उन्होंने शनिवार को कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी और अपने मार्गदर्शक माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से मुलाकात के बाद लिया।*

### इशिबा ने टैरिफ कम करवाया

इशिबा ने इसी महीने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसमें जापानी ऑटोमोबाइल पर लगने वाले टैरिफ को 25% से घटाकर 15% कर दिया गया। इस समझौते को निवेशकों ने जापान की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद माना गया। हालांकि इस समझौते के बावजूद इशिबा की राजनीतिक स्थिति मजबूत नहीं हो सकी।इस कदम से जापानी ऑटो इंडस्ट्री, विशेष रूप से टोयोटा और होंडा जैसी कंपनियों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि यह सेक्टर जापान की अर्थव्यवस्था का लगभग 8% हिस्सा है। इसके बदले में, जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर के निवेश और अमेरिकी कृषि उत्पादों, जैसे चावल, मक्का और सोयाबीन की खरीद बढ़ाने का वादा किया है।

### संसद में बहुमत नहीं, फिर भी इशिबा प्रधानमंत्री बने थे

*जापान में अक्टूबर 2024 में हुए चुनाव में एलडीपी-कोमेतो गठबंधन को 465 में से सिर्फ 215 सीटें मिली थीं। यहां बहुमत के लिए 233 सीटें चाहिए। एलडीपी सबसे बड़ी पार्टी रही। कोई दूसरा गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में नहीं था। मुख्य विपक्षी दल सीडीपीजे को 148 सीटें मिलीं। बाकी विपक्षी पार्टियां आपस में बंटी हुई हैं। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाना चाहता था, लेकिन इशिबा ने चेतावनी दी कि ऐसा हुआ तो वे संसद भंग करके दोबारा चुनाव कराएंगे। जिससे विपक्ष पीछे हट गया। अब इशिबा डीपीपी जैसे छोटे दलों से मुद्दों पर समर्थन लेकर बिल पास करवा रहे हैं। बजट, सब्सिडी और टैक्स सुधार जैसे मामलों में वे विपक्ष के कुछ नेताओं को अपने पक्ष में कर पाए हैं।*

हजरतबल दरगाह विवाद के बाद अनंतनाग में नहीं लगाया गया अशोक चिन्ह

# अशोक स्तंभ तोड़ने पर बवाल! ललन सिंह की चेतावनी-जिसने खंडित किया है वह दंडित होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने श्रीनगर के हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ को तोड़ने की घटना पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि अशोक स्तंभ देश का प्रतीक है और इसको जिसने खंडित किया है वह दंडित होगा। उन्होंने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं। दरअसल, शुक्रवार को यह घटना हुई जिसमें हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ को तोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस दरगाह में हालही में नवीनीकरण किया गया था। उद्घाटन शिलापट्टिका में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ को अंकित किया गया था। बताया जाता है कि नमाज़ के बाद, कुछ कट्टरपंथी लोगों ने इस उद्घाटन पट्टिका में लगे अशोक स्तंभ को बुतप्रतीक मानकर पत्थर से तोड़ फोड़ की और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें स्पष्ट रूप से पत्थर से तोड़े जाने की घटना दिखाई गई। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष, दारखशां आंद्राबी ने इस घटना को दिल तोड़नेवाला और संविधान पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पत्थर पर निशान नहीं, मेरे दिल पर निशान है। दोषियों के खिलाफ एफआईआर और पीएसए के तहत कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने निगीन थाना में एफआईआर दर्ज कर की। राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय दंड संहिता के अधीन राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर तीन साल तक की सज़ा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अब इसी मुद्दे पर ललन सिंह ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की बातें कही हैं।

## हजरतबल दरगाह पर नमाज के बाद तोड़ा गया अशोक स्तंभ

सीएम उमर ने कहा- मैंने कभी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय चिन्ह नहीं देखा




### दरगाह विवाद में 26 लोग हिरासत में

हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था। बताया गया कि यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके। वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोड़ने के मामले में पुलिस ने 26 लोगों को हिरासत में लिया है। वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इनकी पहचान की गई। इस मामले में पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय को जानबूझकर उकसाया जा रहा है।मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला ने कहा कि मैंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का इस्तेमाल होते नहीं देखा, तो हजरतबल दरगाह के पत्थर पर प्रतीक चिन्ह लगाने की क्या जरूरत थी? क्या सिर्फ काम ही काफी नहीं था?

### तीन साल की सजा और 5 लाख का हो सकता है जुर्माना

भारत में राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग या राष्ट्रीय प्रतीक के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय ध्वज संहिता, 2002 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 लागू हैं। ये कानून तिरंगे और राष्ट्रीय प्रतीक के सही उपयोग, प्रदर्शन और सम्मान के नियमों को निर्धारित करते है। किसी तरह की गलती भारी पड़ सकती है। इसके तहत किसी सार्वजनिक स्थान या किसी अन्य स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज या उससे संबंधित राष्ट्रीय प्रतीक को विकृत करता है, नष्ट करता है, रौंदता है या अन्यथा अनादर प्रदर्शित करता है या अवमानना करता है (चाहे मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा, या कृत्यों द्वारा), उसे अधिकतम 3 साल की सजा दी जा सकती है और साथ में 5 लाख तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

**15 दिन** में रूस का कीव पर दूसरा सबसे बड़ा हमला

कैबिनेट बिल्डिंग को बनाया निशाना

# कीव पर रूस ने दागे 800 ड्रोन और 13 मिसाइल, 3 की मौत



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन का युद्ध चरम पर है। वहीं दोनों के बीच शांति कराने के प्रयास भी विफल हो रहे हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपति अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। शांति प्रयासों के बीच रूस की सेना ने कीव पर भीषण हवाई हमला किया है, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।

रूस ने यूक्रेन पर फिर हमला किया है। रूस की सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रात को मंत्रिपरिषद भवन, मंत्रियों के घरों और ऑफिसों पर 800 ड्रोन और 13 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। एयर स्ट्राइक में एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौत हुई है। वहीं 10 से ज्यादा लोग घायल हैं, जो अस्पताल में उपचाराधीन हैं। क्रेमेनचुक, क्रिवी रिह और ओडेसा शहरों में भी रूस की सेना ने ड्रोन से अटैक किया है। हमले से जान और माल दोनों का नुकसान हुआ है। मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के चीफ ओलेक्सांद्र विल्कुल ने बताया कि रूस की सेना हमले से डार्नित्स्की में रिहायशी इमारत की 2 मंजिलें जलकर राख हो गईं।

### मंत्रियों के घरों और दफ्तर को नुकसान

बताया जा रहा है कि हमले से कैबिनेट बिल्डिंग की छत टूट गई है, जिससे बिल्डिंग की अंदर लगी आग का धुंआ उठता दिखा। बिल्डिंग के अंदर मंत्रियों के घर-दफ्तर बने हैं, जिन्हें नुकसान पहुंचा है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने हमले की पुष्टि की। 15 दिन में रूस ने कीव पर दूसरा सबसे बड़ा हमला किया है। वहीं हमले बढ़ने से दोनों देशों के बीच शांति की आस खत्म होती जा रही है। हालांकि पुतिन ने जेलेंस्की को मॉस्को बुलाया है, लेकिन बिना किसी एजेंडे के बात करने से इनकार कर चुके हैं।

**धमाकों के बाद बिजली हो गई गुल:** कीव के पश्चिमी स्वियातोशिन्स्की जिले में भी 9 मंजिला इमारत ध्वस्त हुई थी। इमारत पर रूस की सेना ने मिसाइल अटैक किया था। क्रेमेनचुक शहर में भी धमाके होने से बिजली ठप हो गई थी। क्रिवी रिह शहर में रूस की सेना ने ट्रांसपोर्ट और शहरी ढांचे को टारगेट करके ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। साउथ यूक्रेन के ओडेसा में भी हमला किया था। रूस और यूक्रेन में साल 2022 से जंग जारी है, लेकिन दोनों देश युद्ध से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।




ट्रंप के करीबी और मस्क के बीच झगड़ा

# भारत-रूस को लेकर आपस में भिड़ गए ट्रंप के 'राइट' और 'लेफ्ट' हैंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस के बीच हो रहे व्यापार को देख अमेरिका का खाना हजम नहीं हो रहा है। भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी भारत पर लगातार हमला कर रहे हैं। अब भारत को लेकर ट्रंप के व्यापार और निर्माण मामलों के सलाहकार पीटर नवारो और दुनिया के सबसे अमीर शख्स व अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के बीच 'झगड़ा' शुरू हो गया है।



यह विवाद तब हुआ जब मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के बारे में एक पोस्ट को नवारो ने गलत बताया गया। बता दें कि नवारो को ट्रंप का राइट हैंड माना जाता है। वहीं मस्क भी कभी ट्रंप के लेफ्ट हैंड रह चुके हैं।

### रूसी तेल से मुनाफे का लगाया था आरोप

नवारो ने कुछ समय पहले एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी उस पोस्ट में भारत पर रूसी तेल से मुनाफा कमाने का आरोप लगाया था। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा था कि भारत के टैरिफ से अमेरिकियों की नौकरियां जा रही हैं। नवारो ने ये बातें वाशिंगटन पोस्ट के एक लेख के जवाब में कहीं।. उस लेख में ट्रंप प्रशासन के भारत के साथ संबंधों को सुधारने के प्रयासों में विरोधाभास के बारे में बताया गया था।

कैंसर रोगियों के लिए 'उम्मीद की बड़ी किरण'

# रूस में बनी वैक्सीन ट्रायल में 100 फीसदी कारगर साबित हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। एंटरोमिक्स नाम की एमआरएनए आधारित वैक्सीन ने क्लीनिकल ट्रायल में 100% प्रभाव दिखाया है और किसी भी गंभीर रिएक्शन की सूचना नहीं मिली है। यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है। इसे रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजिकल सेंटर और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी संस्थान ने मिलकर तैयार किया है। वैक्सीन को अंतिम मंजूरी का इंतज़ार है। इसके बाद इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। एक तरफ जहां कैंसर के बाद कीमोथेरेपी या अन्य उपचार के तरीके अपनाए जाते हैं, वहीं इसके विपरीत, एंटरोमिक्स टीका प्रत्येक रोगी के लिए व्यक्तिगत रूप से तैयार किया जाता है। इससे पहले बताया गया था कि रूस ने अपने नए एंटरोमिक्स ऑन्कोलिटिक टीके का क्लीनिकल ट्रायल शुरू कर दिया है।

रक्षा अनुसंधान और उत्पादन में एमएसएमई की भूमिका पर जोर

आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ेंगे कदम

# डीआरडीओ की बड़ी पहल: छोटे-बड़े उद्योगों को एक साथ एक मंच पर लाने से आएंगे सार्थक परिणाम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश स्थित डिफेंस कॉरिडोर को मजबूती प्रदान करने के लिए डीआरडीओ कई छोटे-बड़े उद्योगों और रक्षा क्षेत्र से जुड़े स्टार्ट-अप्स को एक मंच पर लेकर आया है। भारत के ये उद्योग देश की रक्षा जरूरतों से जुड़े निर्माण कार्यों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके साथ ही नई रिसर्च से सैन्य बलों के लिए उपयोगी रक्षा उपकरण एवं अन्य चीजें तैयार करने में भी मदद मिल सकती है।

### रक्षा उपकरण निर्माण में एमएसएमई की होगी अहम भूमिका



### 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी) ने शनिवार को लखनऊ में एक बड़ा कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज और स्टार्टअप्स को रक्षा अनुसंधान, विकास और उत्पादन में शामिल करना था। यह आयोजन उत्तर प्रदेश डिफेंस औद्योगिक कॉरिडोर में भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

*डीआरडीओ प्रमुख ने आश्वासन दिया कि डीआरडीओ, एमएसएमई को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि देश 'आत्मनिर्भर भारत' बन सके और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25